■ आश्विन शुक्ल - 4 ■ संवत 2081 ■ वर्ष - 12 ■ अंक - 74 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- चेन्नई » रविवार » 06-10-2024 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : chennai@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 असम की नवीन योजनाओं को अन्य राज्यों द्वारा अपनाया जा रहा है : हिमंत

6 कर्नल मनप्रीत सिंह: भारत मां की पुकार सुनकर बने सैनिक, फर्ज के लिए माथे पर खाई गोली

7 महिलाओं को हिम्मत और ताकत से जोड़ा जाना चाहिए : शिल्पा शेट्टी

## फर्स्ट टेक

### चेन्नई हवाई अड्डे पर विमान का टायर फटा, यात्री सुरक्षित

**चेन्नई।** मस्कट से 146 यात्रियों को लेकर आ रहे एक विमान का यहां शनिवार को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते समय टायर फट गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। चेन्नई हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि सभी यात्री सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि जैसे ही यह विमान उतरा उसके ठीक बाद पीछे वाले टायरों में से एक फट गया। इस विमान की वापसी उड़ान को रद्द कर दिया गया है तथा सभी यात्रियों को शहर के विभिन्न होटलों में ठहराया गया है।

### मदुरै जा रहा एअर इंडिया का एक विमान तकनीकी समस्या के कारण चेन्नई लौटा

**चेन्नई।** तमिलनाडु के चेन्नई से मदुरै जा रहा एअर इंडिया का एक विमान तकनीकी समस्या के कारण वापस यहां लौट आया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि विमान को सुरक्षित एवं सामान्य तौर पर उतार लिया गया है। जिन लोगों ने यात्रा के लिए टिकट बुक कराये थे, उन्हें वैकल्पिक व्यवस्था के तहत उनके गंतव्य तक ले जाने की पेशकश की गई। एअर इंडिया के एक अधिकारी ने कहा, चेन्नई से मदुरै जा रही एअर इंडिया की उड़ान संख्या एआई 671 तकनीकी समस्या के कारण चेन्नई लौट आई। एहतियाती जांच के लिए विमान को चेन्नई हवाई अड्डे पर सुरक्षित व सामान्य तरीके से उतार लिया गया। उन्होंने बताया, हवाई अड्डे पर मौजूद हमारे सहकर्मियों ने इस अप्रत्याशित व्यवधान के कारण यात्रियों की असुविधा को कम करने का हर संभव प्रयास किया। यात्रियों को जल्द से जल्द उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई। अधिकारी ने कहा, यदि यात्री चाहें तो उन्हें टिकट रद्द करने पर पूरा पैसा वापस किया जाएगा तथा उनकी यात्रा को बाद की तिथि के लिए निःशुल्क पुनर्निर्धारित किया जाएगा। हमारे यात्रियों की सुरक्षा व सुविधा एयर इंडिया की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### वडोदरा हवाई अड्डे को मिली बम से उड़ाने की धमकी

**वडोदरा/भाषा।** अधिकारियों को गुजरात के वडोदरा हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी वाला एक ई-मेल मिला, हालांकि परिसर की गहन तलाशी के बाद यह ईमेल फर्जी पाया गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि वडोदरा के हरनी हवाई अड्डे पर तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को शुक्रवार सुबह यह ई-मेल प्राप्त हुआ, जिसके बाद पुलिस, दमकल विभाग, बम निरोधक दस्ते और श्वान दस्ते ने हवाई अड्डा परिसर की तलाशी ली।

| सूर्यास्त 06-10-2024 | सूर्योदय 07-10-2024 |
|---|---|
| 5:55 बजे | 5:58 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 81,688.45 | 25,014.60 |
| (-808.65) | (-235.50) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 7,953 रु. | 101,000 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

**मिशन मंडेला**

**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

**सब होपचोप**

बेरोजगार बढ़ रहे आज,
धंधे होने लग गए लोप।
सेंसेक्स पड़ा घुटनों के बल,
मंहगाई दिखला रही कोप।
हो रहे तमंचे बिगगन भी,
जिनको कहते थे कभी तोप।
बेगाने से बाज़ार हुए,
जनता भी दिखती होपचोप।।

# कांग्रेस को 'अर्बन नक्सल' का गिरोह चला रहा : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**वाशिम (महाराष्ट्र)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को दावा किया कि कांग्रेस को ''अर्बन नक्सलियों का गिरोह'' चला रहा है, और उन्होंने इस पार्टी के ''खतरनाक एजेंडे'' को विफल करने के लिए लोगों से एकजुट होने की अपील की।

मोदी ने कांग्रेस पर गरीबों को लूटने और अपनी स्वार्थ सिद्धि वाली राजनीति को लेकर उनकी दशा बेहतर नहीं करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने विभिन्न परियोजनाओं की शुरुआत करने के बाद, महाराष्ट्र के वाशिम जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, ''कांग्रेस को लगता है कि अगर सब एक हो गए, तो देश को बांटने का उनका (कांग्रेस का) एजेंडा नाकाम हो जाएगा!'' उन्होंने आरोप लगाया, ''कांग्रेस सिर्फ लूटना जानती है। कांग्रेस गरीब को गरीब बनाकर रखना चाहती है। कमजोर और गरीब भारत, कांग्रेस को, उसकी राजनीति को बहुत सूट करता है। इसलिए, आप सभी को कांग्रेस से बहुत सावधान रहना है। आज कांग्रेस को पूरी तरह से अर्बन नक्सलियों का गिरोह चला रहा है।'' उन्होंने कहा, ''ये (कांग्रेस) हमें आपस में लड़वाना चाहते हैं। पूरा देश देख रहा है, कांग्रेस के खतरनाक एजेंडों को किसका समर्थन मिल रहा है! जो लोग भारत को आगे बढ़ने से रोकना चाहते हैं, वे इन दिनों कांग्रेस के सबसे करीबी दोस्त हैं! इसलिए, यह समय एक होने का है।'' उन्होंने कहा, ''हाल में, दिल्ली में हजारों करोड़ रुपए की ड्रग्स बरामद की गई और कांग्रेस का एक नेता उसका मुख्य सरगना निकला! कांग्रेस युवाओं को नशे की लत में धकेल कर उस पैसे से चुनाव लड़ना और जीतना चाहती है।''

> ■ ये (कांग्रेस) हमें आपस में लड़वाना चाहते हैं। पूरा देश देख रहा है, कांग्रेस के खतरनाक एजेंडों को किसका समर्थन मिल रहा है! जो लोग भारत को आगे बढ़ने से रोकना चाहते हैं, वे इन दिनों कांग्रेस के सबसे करीबी दोस्त हैं! इसलिए, यह समय एक होने का है।''

वहीं, भारतीय युवा कांग्रेस ने 3 अक्टूबर को कहा था कि संदिग्ध सरगना तुषार गोयल को पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए 17 अक्टूबर 2022 को संगठन से निष्कासित कर दिया गया था। इसके शीघ्र बाद, भाजपा प्रवक्ता और सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने विपक्षी पार्टी पर मादक पदार्थ के डीलरों के साथ संबंध रखने का आरोप लगाया था।

मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की सोच शुरू से ही विदेशी रही है। उन्होंने कहा, ''अंग्रेजी (ब्रिटिश) हुकूमत की तरह ही कांग्रेस परिवार भी दलित, पिछड़ा, आदिवासियों को अपने बराबर नहीं मानता।

## पीएम किसान की 18वीं किस्त जारी

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को लगभग 23,300 करोड़ रुपये की कृषि और पशुपालन क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं की शुरुआत करते हुए तकरीबन 9.4 करोड़ किसानों को 20,000 करोड़ रुपये से अधिक की पीएम-किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी की। मोदी ने महाराष्ट्र के वाशिम में आयोजित एक समारोह में कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ) के अंतर्गत 1,920 करोड़ रुपये से अधिक की 7,500 से अधिक परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित की। इसके अलावा लगभग 1,300 करोड़ रुपये के संयुक्त कारोबार वाले 9,200 किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) की शुरुआत की। समारोह में मोदी ने महाराष्ट्र सरकार की नमो शेतकरी महासंमान निधि योजना की पांचवीं किस्त वितरित की। पूरे महाराष्ट्र में 19 मेगावाट की कुल क्षमता के साथ पांच सौर पार्क और मवेशियों के लिए यूनिफाइड जीनोमिक चिप और स्वदेशी सेक्स-सॉर्टेड वीर्य प्रौद्योगिकी का शुभारंभ भी किया गया। मोदी ने कहा कि राज्य सरकार अपने किसानों को दोहरा लाभ प्रदान करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने नमो शेतकरी महासंमान निधि योजना का भी जिक्र किया। इसमें महाराष्ट्र के लगभग 90 लाख किसानों को लगभग 1900 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी गई है।

**एग्जिट पोल:**

# हरियाणा में कांग्रेस को पूर्ण बहुमत की संभावना

## जम्मू-कश्मीर में नेकां-कांग्रेस गठबंधन को बढ़त

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए मतदान संपन्न होने के बाद आए एग्जिट पोल (चुनाव बाद सर्वेक्षण) के नतीजों में यह संभावना जताई गई है कि कांग्रेस पूर्ण बहुमत की सरकार बना सकती है तथा 10 साल बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सत्ता से विदाई हो सकती है।

दूसरी तरफ, अधिकतर एग्जिट पोल ने जम्मू-कश्मीर में खंडित जनादेश का अनुमान व्यक्त किया है, हालांकि नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के गठबंधन को बढ़त मिलने की संभावना भी जताई गई है। कुछ एग्जिट पोल ने इस गठबंधन को बहुमत के करीब दिखाया है।

हरियाणा में शनिवार को सभी 90 सीट के लिए मतदान संपन्न हुआ। इससे पहले जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में सभी 90 सीट के लिए मतदान हुआ था। मतगणना आठ अक्टूबर को होगी।

'रिपब्लिक-मैट्रिज' के एग्जिट पोल में हरियाणा में कांग्रेस को 55-62 सीट तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 18-24 सीट मिलने का अनुमान जताया गया है। इस सर्वेक्षण में यह भी कहा गया है कि इंडियन नेशनल लोक दल (इनेलो) को तीन से छह तथा जननायक जनता पार्टी (जजपा) को शून्य से तीन सीट मिल सकती हैं तथा अन्य के खाते में दो से पांच सीट जा सकती हैं।

'इंडिया टुडे-सी वोटर' के एग्जिट पोल में हरियाणा में कांग्रेस को 50-58 सीट मिलने और भाजपा को 20-28 सीट मिलने का अनुमान जताया गया है।

'एक्सिस माय इंडिया-द रेड माइक' के एग्जिट पोल का अनुमान है कि हरियाणा में कांग्रेस 53-65 सीट हासिल करके 10 साल बाद सत्ता में वापसी कर सकती है। वहीं, भाजपा को 18-28 सीट मिलने का अनुमान जताया गया है। इनेलो-बसपा गठबंधन को एक से पांच सीट मिलने की संभावना जताई गई है।

'पीपुल्स पल्स' के एग्जिट पोल ने हरियाणा में कांग्रेस को 49-60 सीट और भाजपा को 20-32 सीट दी हैं।

'दैनिक भास्कर' के सर्वेक्षण के अनुसार, हरियाणा में कांग्रेस को 44-54 सीट तथा भाजपा को 19-29 सीट मिल सकती है। इनेलो को एक से पांच तथा अन्य को चार से छह सीट मिलने का अनुमान है।

# नरसिंहानंद को हिरासत में लिए जाने का दावा, डासना मंदिर में सुरक्षा बढ़ाई गई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गाजियाबाद/भाषा।** पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां करने के आरोप में यहां डासना देवी मंदिर के मुख्य पुजारी यति नरसिंहानंद को हिरासत में लिया गया है। नरसिंहानंद की करीबी ने शनिवार को यह दावा किया। वहीं गाजियाबाद पुलिस इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए है।

नरसिंहानंद की भड़काऊ टिप्पणी का वीडियो सामने आने के बाद शुक्रवार रात को उनके खिलाफ प्रदर्शन करते हुए मंदिर के बाहर बड़ी भीड़ जमा हो गई थी, जिसके बाद परिसर के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई थी।

नरसिंहानंद की करीबी सहयोगी और यति नरसिंहानंद सरस्वती फाउंडेशन की महासचिव उदिता त्यागी ने दावा किया कि उन्हें 29 सितंबर को गाजियाबाद के हिंदी भवन में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में हिरासत में लिया गया है और उनके ठिकाने का पता नहीं है।

> ■ नरसिंहानंद की भड़काऊ टिप्पणी का वीडियो सामने आने के बाद शुक्रवार रात को उनके खिलाफ प्रदर्शन करते हुए मंदिर के बाहर बड़ी भीड़ जमा हो गई थी, जिसके बाद परिसर के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई थी।



इस बारे में पूछे जाने पर पुलिस उपायुक्त (ग्रामीण) सुरेन्द्र नाथ तिवारी ने कहा, हम मंदिर की सुरक्षा कर रहे हैं और हमें उनकी हिरासत के बारे में कोई जानकारी नहीं है। पुलिस ने बताया कि किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए डासना मंदिर के बाहर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

मंदिर के बाहर प्रदर्शन को लेकर डासना पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक भानु की शिकायत पर वेव सिटी थाने में 150 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा जारी कर जिले में पांच या अधिक लोगों के एकत्र होने पर रोक लगा दी है।



## जम्मू कश्मीर: नियंत्रण रेखा पर दो आतंकवादी ढेर, घुसपैठ की कोशिश नाकाम

**श्रीनगर/भाषा।** जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए दो आतंकवादियों को मार गिराया। भारतीय सेना ने शनिवार को यह जानकारी दी। सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने कहा, ''अभियान में सुरक्षा बलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया है।'' कोर ने इससे पहले सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा था कि सैनिकों ने कुपवाड़ा के गुगलधार में संदिग्ध गतिविधि देखने के बाद कार्रवाई शुरू की तो दोनों ओर से गोलीबारी शुरू हो गई। सेना ने कहा कि मुठभेड़ स्थल से युद्ध में प्रयोग किए जाने वाले कुछ सामान बरामद हुए हैं।

# संविधान की रक्षा के लिए आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा हटाना आवश्यक : राहुल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोल्हापुर/भाषा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि संविधान की रक्षा के लिए आरक्षण पर मौजूदा 50 प्रतिशत की सीमा को हटाना जरूरी है। राहुल ने यहां 'संविधान सम्मान सम्मेलन' में कहा कि कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन यह सुनिश्चित करेंगे कि आरक्षण की इस 50 प्रतिशत की सीमा को हटाने के लिए कानून पारित हो।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा, ''हम सुनिश्चित करेंगे कि लोकसभा और राज्यसभा में जातिगत जनगणना पर कानून पारित हो और कोई भी ताकत इसे रोक नहीं सकेगी। संविधान की रक्षा के लिए 50 प्रतिशत की सीमा हटाना आवश्यक है।''

राहुल गांधी ने कहा कि जब उनकी पार्टी जातिगत जनगणना की बात करती है, तो वह इसमें दो और पहलू जोड़ना चाहती है- पहला, प्रत्येक समुदाय की आबादी की पहचान करना और दूसरा, भारत की वित्तीय प्रणाली पर उनका कितना नियंत्रण है। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना से विभिन्न समुदायों की जनसंख्या पर आंकड़े जुटाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि देश की 90 प्रतिशत आबादी के लिए अवसरों के दरवाजे बंद किए जा रहे हैं।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने दावा किया कि भारत का बजट 90 शीर्ष आईएएस अधिकारी तय करते हैं, और देश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदाय कुल जनसंख्या का कम से कम 50 प्रतिशत है, लेकिन इन 90 अधिकारियों में से केवल तीन ओबीसी हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि देश में दलितों और आदिवासियों की संख्या क्रमशः 15 प्रतिशत और आठ प्रतिशत है, लेकिन बजट तय करने वाले उन 90 आईएएस अधिकारियों में इन समुदायों से केवल क्रमशः तीन और एक अधिकारी हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) जातिगत जनगणना का विरोध करते हैं, क्योंकि वे नहीं चाहते कि सच्चाई सामने आए। उन्होंने आरोप लगाया कि स्कूलों में दलितों या पिछड़े वर्गों का इतिहास नहीं पढ़ाया जा रहा है और अब उस इतिहास को मिटाने का प्रयास किया जा रहा है।

# इजराइल ने लेबनान पर हमला तेज किया, बेरूत के उपनगरों को बनाया निशाना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**तेल अवीव/एपी।** इजराइल ने शनिवार को लेबनान पर हमलों में तेजी लाते हुए बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर 12 हवाई हमले किए। उसने पहली बार उत्तरी लेबनान में एक फलस्तीनी शरणार्थी शिविर को भी निशाना बनाया।

फलस्तीनी चरमपंथी समूह ने एक बयान में कहा कि उत्तरी शहर त्रिपोली के पास बेदावी शरणार्थी शिविर पर हुए हमले में हमास के सैन्य प्रकोष्ठ के एक अधिकारी, उनकी पत्नी और दो बेटियों की मौत हो गई।

पिछले साल अक्टूबर में इजरायल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से इजराइल ने लेबनान में हमास के कई अधिकारियों की जान ले ली है। इसके अलावा उसने हिजबुल्ला के शीर्ष नेतृत्व का लगभग सफाया कर दिया है।

> ■ इजराइल के हमले मे हिजबुल्ला के लड़ाकों और नागरिकों सहित लगभग 1,400 लेबनानी नागरिक मारे गए हैं और लगभग 12 लाख लोगों को अपने घरों को छोड़ कर दूर जाना पड़ा है।

लेबनान की आधिकारिक समाचार एजेंसी 'नेशनल न्यूज एजेंसी' के अनुसार, इजराइली हवाई हमलों में कम से कम छह लोग मारे गए हैं।

इस बीच इजराइली सेना ने कहा कि विशेष बल दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्ला के ठिकानों को निशाना बनाते हुए लक्षित ज़मीनी हमले कर रहे हैं। उसने कहा कि विशेष बल ''मिसाइलों, लॉन्चपैड, वॉचटावर और हथियार भंडारण केंद्रों'' को नष्ट कर रहे हैं।

# बहुपक्षीय कार्यक्रम के लिए इस्लामाबाद जा रहा हूं, भारत-पाक संबंधों पर चर्चा करने नहीं : जयशंकर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इस महीने इस्लामाबाद की यात्रा के दौरान अपने पाकिस्तानी समकक्ष मुहम्मद इशाक डार के साथ किसी भी द्विपक्षीय वार्ता की संभावना को शनिवार को खारिज कर दिया।

भारत ने शुक्रवार को घोषणा की कि जयशंकर इस्लामाबाद में एससीओ शासनाध्यक्ष शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने एक संवाद सत्र में कहा, मुझे उम्मीद है कि रिश्ते की प्रकृति को देखते हुए मीडिया की इसमें काफी रुचि होगी। उन्होंने कहा, मैं कहना चाहूंगा कि यह एक बहुपक्षीय कार्यक्रम के लिए है, मैं वहां भारत-पाकिस्तान संबंधों पर चर्चा करने नहीं जा रहा हूं, मैं वहां एससीओ के एक अच्छे सदस्य के तौर पर जा रहा हूं।



जयशंकर की यह टिप्पणी इस सवाल के बाद आई कि क्या वह इस्लामाबाद में अपने पाकिस्तानी समकक्ष के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। कार्यक्रम में अपने संबोधन में विदेश मंत्री ने कहा कि किसी भी पड़ोसी की तरह भारत निश्चित रूप से पाकिस्तान के साथ अच्छे संबंध रखना चाहेगा, लेकिन सीमापार आतंकवाद को नजरअंदाज करके ऐसा नहीं हो सकता।


## पश्चिम एशिया में संघर्ष गहरी चिंता का विषय : जयशंकर

**नई दिल्ली/भाषा।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पश्चिम एशिया में संघर्ष को गहरी चिंता का विषय बताते हुए शनिवार को कहा कि वैश्वीकृत दुनिया में, कहीं भी होने वाले संघर्ष से हर जगह समस्याएं पैदा होती हैं। उन्होंने 'आईसी सेंटर फॉर गवर्नेंस' द्वारा आयोजित सरदार पटेल व्याख्यान देने के बाद एक प्रश्न के उत्तर में यह बात कही।

जयशंकर की यह टिप्पणी इजराइल-हिजबुल्ला संघर्ष और इजराइल-हमास युद्ध में तेजी की पृष्ठभूमि में आई है। उन्होंने कहा, संघर्ष (पश्चिम एशिया में) तेज हुआ है। हमने आतंकवादी हमला देखा, फिर प्रतिक्रिया हुई, फिर हमने देखा कि गाजा में क्या हुआ, अब हम इसे लेबनान में देख रहे हैं, इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष। लाल सागर में हूतियों की गोलीबारी, वास्तव में इससे हमें नुकसान हो रहा है।

जयशंकर ने कहा कि ऐसा नहीं है कि संघर्ष में कोई तटस्थ रहता है और आपको लाभ होता है। उन्होंने कहा, मालवहन खर्च बढ़ गया है, बीमा दरें बढ़ गई हैं, निर्यात, विदेशी व्यापार प्रभावित हो रहा है, तेल की कीमतें बढ़ गई हैं। ईरानी मिसाइल हमले के बाद बाजार में गिरावट आई। मंत्री ने कहा, ''संघर्षों का अवसरवादी तरीके से उपयोग किया जा सकता है, मैं इससे इनकार नहीं करता, लेकिन वैश्वीकृत दुनिया में जो इतनी जुड़ी हुई है, कहीं भी होने वाला संघर्ष हर जगह समस्याएं पैदा करता है।

## सहज स्मृति योग



व्यक्ति के मन में जो आध्यात्मिक प्रश्न उठते हैं उनका इस स्तंभ में समाधान प्रस्तुत करने का काम कर रहे हैं गुरुजी श्री नंदकिशोर तिवारी। व्यक्ति की पृष्ठभूमि चाहे किसी भी मत, सम्प्रदाय, मज़हब से हो, सहज स्मृति योग का सरोकार मनुष्य के मात्र आत्मवान होने से है। इसलिए सहज स्मृति योग का ध्यान केवल जिज्ञासु के समाधान पर रहता है। आप भी अपनी जिज्ञासाएं guruji@darpanfoundation.com पर ईमेल या व्हाटस अप (9902912396) द्वारा भेज सकते हैं।

**प्रश्न:** गुरु जी वर्तमान समय के वैश्विक संदर्भ में शारदीय नवरात्रि का क्या महत्व है ?

**उत्तर:** नवरात्रि का वर्तमान वैश्विक संदर्भ में ही नहीं बल्कि संपूर्ण ब्रह्मांड में शाश्वत शुभ, मंगलमय और कल्याणकारी महत्व है। देखिए, कोई भी वह समयावधि जो कोई धर्म, पंथ, सम्प्रदाय, रिलीजन, मज़हब, अपने अनुयायियों के लिए तप, आराधना, साधना, संयम के लिए विशेष रूप से निर्धारित करते हैं। उसका सबसे पहला महत्व तो उस एकत्व भाव में है कि सभी अनुयायी एक ही अवधि में तन मन धन से श्रद्धा पूर्वक उस अवधि में शुभ कर्मों में विशेष रूप से प्रवृत्त होते हैं। दूसरे स्तर के महत्व से मत भिन्नता आरंभ हो जाती है इसलिए उस पर यहाँ चर्चा नहीं करनी चाहिए। जैसे कोई कहता है यह अवधि ही पवित्र है तो कोई कहता है नहीं, यह अवधि स्वयंभू रूप से पवित्र नहीं है बल्कि हमारे अवतार, देव, देवी, अरिहंत, बोधप्राप्त, देवपुत्र, संदेश वाहक इत्यादि ने इस अवधि को किसी विशेष क्रिया विधि से निर्धारित किया इसलिए यह या वह अवधि पवित्र या महत्व की है। इत्यादि, इत्यादि।

## भारत 8 से 18 अक्टूबर तक मालाबार नौसैनिक अभ्यास की मेजबानी करेगा

**नई दिल्ली/भाषा।** क्षेत्र में बदलते सुरक्षा हालात के बीच भारत मंगलवार से शुरू होने वाले चार देशों के मालाबार नौसैनिक अभ्यास की मेजबानी करेगा। भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान की नौसेनाएं इस विशाल युद्धाभ्यास के 'समुद्री चरण' के दौरान कई जटिल नौसैनिक अभ्यास करेंगी। भारतीय नौसेना ने घोषणा की कि, मालाबार अभ्यास 2024 आठ से 18 अक्टूबर तक चलेगा, जिसकी शुरुआत विशाखापत्तनम में बंदरगाह चरण से होगी, उसके बाद समुद्री चरण होगा। मालाबार अभ्यास 1992 में अमेरिका और भारतीय नौसेना के बीच द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास के रूप में शुरू हुआ था। अब यह एक प्रमुख बहुपक्षीय कार्यक्रम के रूप में विकसित हो चुका है जिसका उद्देश्य अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाना, आपसी समझ को बढ़ावा देना और हिंद महासागर और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में साझा समुद्री चुनौतियों का समाधान करना है।

# मोदी ने महाराष्ट्र में कृषि, पशुपालन क्षेत्र की 23 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं की शुरुआत की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**वाशिम (महाराष्ट्र)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को महाराष्ट्र के वाशिम में कृषि और पशुपालन क्षेत्र से जुड़ी करीब 23,300 करोड़ रुपए की परियोजनाओं की शुरुआत की।

मोदी महाराष्ट्र के एक-दिवसीय दौरे पर सुबह नांदेड़ हवाई अड्डा पहुंचे। वहां से वह हेलीकॉप्टर के जरिये वाशिम पहुंचे।

वाशिम में मोदी ने पोहरादेवी स्थित जगदम्बा मंदिर में पूजा अर्चना की। उन्होंने पोहरादेवी में ही स्थित संत सेवालाल महाराज और संत रामराव महाराज की समाधि पर जाकर श्रद्धासुमन अर्पित किये। इसके बाद प्रधानमंत्री ने बंजारा विरासत संग्रहालय का उद्घाटन किया, जिसमें बंजारा समुदाय की समृद्ध विरासत को प्रदर्शित किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि बाद में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मोदी ने करीब 9.4 करोड़ किसानों को पीएम-किसान सम्मान निधि के तहत 20,000 करोड़ रुपए की 18वीं किस्त जारी की। उन्होंने बताया कि इस किस्त के साथ ही अबतक इस योजना के तहत किसानों को करीब 3.45 लाख करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं।

प्रधानमंत्री ने 'नमो शेतकारी महासम्मान निधि योजना' की पांचवीं किस्त भी जारी की। इसके तहत राज्य के पात्र किसानों को करीब 2,000 करोड़ रुपए जारी किए गए। उन्होंने कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ) के तहत 1,920 करोड़ रुपए से अधिक लागत की 7,500 से




अधिक परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इन प्रमुख परियोजनाओं में कस्टम हायरिंग सेंटर, प्राथमिक प्रसंस्करण इकाइयां, गोदाम, छंटाई और पिसाई इकाइयां, शीत भंडारण परियोजनाएं, कटाई उपरांत प्रबंधन परियोजनाएं आदि शामिल हैं।

प्रधानमंत्री ने 9,200 किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) की भी शुरुआत की, जिनका कुल कारोबार लगभग 1,300 करोड़ रुपए है। प्रधानमंत्री मोदी ने मवेशियों के लिए एकीकृत जीनोमिक चिप और लैंगिक रूप से चयनित शुक्राणु प्रौद्योगिकी की शुरुआत की। इस पहल का उद्देश्य किसानों को किफायती मूल्य पर लैंगिक रूप से चयनित वीर्य की उपलब्धता बढ़ाना तथा प्रति खुराक लागत को 200 रुपए प्रति खुराक तक लाना है।

एकीकृत जीनोमिक चिप, देशी मवेशियों के लिए गौचिप और भैंसों के लिए महिषचिप को जीनोटाइपिंग सेवाओं के साथ विकसित किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्री सौर कृषि वाहिनी योजना 2.0 के तहत महाराष्ट्र में 19 मेगावाट क्षमता के पांच सौर पार्क का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने 'मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना' के लाभार्थियों को भी सम्मानित किया। इस योजना के तहत राज्य सरकार पात्र महिलाओं को हर महीने 1500 रुपए की आर्थिक सहायता करती है।



## कांग्रेस झूठ और लूट की राजनीति करती है: हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चंडीगढ़/भाषा।** हरियाणा में मतदान के बीच शनिवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस पर मतदाताओं से झूठ बोलकर राज्य को लूटने की नीति अपनाने का आरोप लगाया। सैनी ने संवाददाताओं से कहा, कांग्रेस झूठ और लूट की राजनीति करती है और हरियाणा की जनता यह समझ चुकी है। उन्होंने (जनता) हरियाणा में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को लाने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लगातार दलित समुदाय का अपमान करती रही है और उसने दलितों के उत्थान के लिए कभी कोई योजना तैयार नहीं की। सैनी ने अपनी सुमन के साथ अंबाला जिले के नारायणगढ़ स्थित अपने पैतृक गांव मिर्जा में मतदान किया। वह मतदान करने वाले प्रारंभिक लोगों में शामिल रहे।

हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच शनिवार सुबह सात बजे मतदान शुरू हुआ जो शाम छह बजे संपन्न होगा। सैनी कुरुक्षेत्र जिले के लाडवा से चुनाव लड़ रहे हैं। मतदान से पहले सैनी ने अपने गांव में गुरु रविदास मंदिर और गुरुद्वारे में मत्था टेका। सैनी ने संवाददाताओं से कहा, ''हरियाणा की जनता ने मन बना लिया है, भाजपा भारी बहुमत के साथ तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है।'' उन्होंने दावा किया कि भाजपा की 'डबल इंजन' सरकार ने 10 वर्षों में बेहतरीन काम किया है और न्यूनतम मजदूरी को लेकर आंदोलन करने वाले किसान उनकी सरकार की नीतियों से खुश हैं। □

**GAZETTE PUBLICATION**

In the Court of Principal Judge, Family Court
Seraikella-Kharsawan at Seraikeila
Original (Matrimonial) Sult No. 26/2020

GYANENDRA JHA---Applicant
V/s.
MADHURI JHA---Respondent
To,
MADHURI JHA, W/o. Gyanendra Jha, D/o. Late Dr. Krishna Chandra Jha At present residing at H. No. 205, Bluela Apartment, Bluela Apartment, Srinivas Reddy Layout, Chinnapannahali, Bengaluru 560037,

Whereas the applicant Gyanendra Jha has instituted an Original (Matrimonial) Suit against you U/S 9 of the Hindu Marriage Act for Restitution of Conjugal Rights but in spite of notices served through registered post as well as Nazarat you did not appear Court. **You are hereby summoned to appear in Court on this the 07th day of October 2024 at 10:30 O'clock, personally or through your lawyer duly instructed, failing which the matter will be heard and decided in your absence.**

Given under my hand and seal of this Court this the 27th day of September 2024.

By the order of
Sign - Registrar,
Civil court, Seraiklella
Principal Judge
Family Court, Seraikella

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
बेंगलूरु क्लासीफाइड
उपलब्ध

**FLATS FOR SALE**
**DNR HIGHLINE**
@ **OKALIPURAM**
near LULU Mall
Rajajinagar
Centre of the City
3 & 4 Bedroom
**FLATS** with 7 Star
Luxurious Amenities
Only Few Flats
available for Sale
**Contact : 9844027560**



## साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन के बीच नमो भारत ट्रेन का परीक्षण शुरू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने शनिवार को साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन के बीच नमो भारत ट्रेन का परीक्षण शुरू किया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई।

विज्ञप्ति के मुताबिक सराय काले खां(दिल्ली) से मेरठ (उत्तर प्रदेश) के बीच बन रहे 82 किलोमीटर लंबे रैपिड रेल गलियारे का यह 12 किलोमीटर का हिस्सा उत्तर प्रदेश के साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन को न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन से जोड़ेगा। इन दोनों स्टेशन के बीच में आनंद विहार और न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन हैं। इसमें कहा गया है कि इस रूट के परिचालन के साथ ही यात्रियों को न्यू अशोक नगर और मेरठ दक्षिण आरआरटीएस स्टेशन के बीच तेज और सुविधाजनक यात्रा का विकल्प मिलेगा और वे यह दूरी 40 मिनट से भी कम समय में तय कर सकेंगे। परीक्षण में निर्मित ढांचे की अनुकूलता जांच के लिए नमो भारत ट्रेन को 'मैन्युअल' आधार पर संचालित किया गया।

विज्ञप्ति के मुताबिक परीक्षण के दौरान एनसीआरटीसी ट्रेन के एकीकृत प्रदर्शन और ट्रैक, सिग्नलिंग, प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर (पीएसडी) और ओवरहेड पावर सप्लाई सिस्टम जैसी विभिन्न उप-प्रणालियों के साथ इसके समन्वय का आकलन करेगा। अगले कुछ महीनों में हाई-स्पीड परीक्षण सहित व्यापक तौर पर ट्रेन के परीक्षण संचालन की योजना बनाई गई है।

इसमें कहा गया है कि आनंद विहार आरआरटीएस स्टेशन सबसे व्यस्त परिवहन केंद्रों में से एक होगा जहां बड़ी संख्या में यात्री आएंगे, क्योंकि यह दो मेट्रो लाइन, एक रेलवे स्टेशन और दो आईएसबीटी (एक दिल्ली की तरफ और दूसरा उत्तर प्रदेश के कौशांबी में) के निकट है।

## बीएसएफ घुसपैठ, ड्रोन हमलों और तस्करी को रोकने में पूरी तरह सक्षम : बल प्रमुख



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**ग्वालियर/भाषा।** बीएसएफ महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी ने शनिवार को कहा कि सीमा सुरक्षा बल घुसपैठ, ड्रोन हमलों और तस्करी को रोकने में पूरी तरह सक्षम है तथा वह नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में उत्साहजनक परिणाम प्राप्त कर रहा है।

चौधरी मध्य प्रदेश में ग्वालियर के टेकनपुर क्षेत्र में बीएसएफ अकादमी में सहायक कमांडेंट की पासिंग आउट परेड में भाग लेने के बाद एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि बीएसएफ देश की सीमाओं पर तैनात है। ''हम यह सुनिश्चित करने के लिए तैयार और क्रियाशील हैं कि किसी भी क्षेत्र में घुसपैठ, ड्रोन हमला या तस्करी न हो। हम घुसपैठ, ड्रोन हमले और तस्करी को रोकने में पूरी तरह सक्षम है।'' उन्होंने कहा कि बल को देश भर में नक्सल विरोधी अभियानों में भी लगातार सफलता मिल रही है। चौधरी ने कहा कि बीएसएफ स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय में अनुशासित तरीके से अपना कार्य पूरा कर रही है। शनिवार को अकादमी में सीधी भर्ती और विभागीय परीक्षा पास करने के बाद चार महिलाओं सहित 77 व्यक्ति अधिकारी के रूप में उत्तीर्ण हुए। चौधरी ने कहा कि ये बहादुर युवा अधिकारी देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिए मैदान में उतरेंगे।

## जम्मू कश्मीर में कमजोर सरकार और 'रबर स्टाम्प' मुख्यमंत्री होंगे: इल्तिजा मुफ्ती



**श्रीनगर/भाषा।** पीडीपी नेता इल्तिजा मुफ्ती ने शनिवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में आने वाली सरकार शक्ति विहीन होगी, जबकि इसका मुख्यमंत्री एक 'रबर स्टाम्प' और किसी नगरपालिका के मेयर के समान होगा। जम्मू कश्मीर में 10 वर्ष के अंतराल के बाद विधानसभा चुनाव हुए हैं जिसके परिणाम आठ अक्टूबर को मतगणना के बाद घोषित किए जाएंगे। इसके बाद जम्मू-कश्मीर में नई सरकार बनने की पूरी संभावना है। उन्होंने कहा, उपराज्यपाल द्वारा पांच विधायकों को 'मनोनीत' करने और मुख्य सचिव द्वारा कामकाज के नियमों में बदलाव करने से यह स्पष्ट है कि आने वाली सरकार एक शक्तिविहीन सरकार होगी।


इल्तिजा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, भारत सरकार जम्मू कश्मीर से अधिकार और स्वायत्तता का कितना हिस्सा औरछीनेगी? रबर स्टाम्प मुख्यमंत्री बराबर नगरपालिका का एक महिमामंडित मेयर। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा अनंतनाग जिले के बिजबेहरा विधानसभा सीट से प्रत्याशी हैं । जम्मू कश्मीर में तीन चरणों में हुए विधानसभा चुनाव एक अक्टूबर को संपन्न हुए, जिसमें 63.88 प्रतिशत मतदान हुआ।



## प्रधानमंत्री मोदी ने महाराष्ट्र के वाशिम में पोहरादेवी मंदिर में पूजा अर्चना की

**वाशिम/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को महाराष्ट्र के वाशिम जिला के पोहरादेवी स्थित जगदम्बा मंदिर में पूजा अर्चना की। उन्होंने पोहरादेवी में ही स्थित संत सेवालाल महाराज और संत रामराव महाराज की समाधि पर जाकर श्रद्धासुमन अर्पित किये। प्रधानमंत्री मोदी शनिवार सुबह नांदेड़ हवाई अड्डे पर पहुंचे जहां उनका स्वागत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता अशोक चव्हाण ने किया। इसके बाद मोदी हेलीकॉप्टर से पोहरादेवी के लिए रवाना हो गए। प्रधानमंत्री मोदी एक दिवसीय महाराष्ट्र दौरे पर हैं। वाशिम के बाद मोदी का ठाणे और मुंबई जाने का कार्यक्रम हैं जहां पर वह कई आधारभूत संरचना से जुड़ी परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

## चुनाव के बाद शिवसेना (यूबीटी) में किसी 'गद्दार' को काम नहीं मिलेगा : बागियों पर बोले उद्धव ठाकरे



**मुंबई/भाषा।** शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शनिवार को कहा कि किसी भी 'गद्दार' को पार्टी में प्रवेश नहीं दिया जाएगा, क्योंकि डेढ़ महीने में वे 'बेरोजगार' हो जाएंगे। उन्होंने यह बात नवंबर में होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के संदर्भ में कही। एकनाथ शिंदे ने ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के खिलाफ विद्रोह कर दिया जिसके कारण जून 2022 में शिवसेना का विभाजन हो गया तथा राज्य में सत्तारूढ़ महाविकास आघाडी सरकार गिर गयी थी। तब से, ठाकरे और शिवसेना (यूबीटी) नियमित रूप से शिंदे और उनके विद्रोहियों के समूह को गद्दार कहते रहे हैं।

अपनी पार्टी द्वारा आयोजित एक रोजगार मेले को संबोधित करते हुए ठाकरे ने दावा किया कि राज्य के लोग विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना को उसकी जगह दिखाएंगे। ठाकरे ने कहा, डेढ़ महीने बाद ये गद्दार (पार्टी से बगावत करने वाले विधायक, सांसद) हमारे पास नौकरी मांगने आएंगे, क्योंकि उनके पास रोजगार नहीं होगा। मैं चुनाव के बाद किसी गद्दार को नौकरी नहीं देने वाला।

## जयशंकर के पाकिस्तान दौरे से बेहतर रिश्तों की शुरुआत होने की उम्मीद : अब्दुल्ला



**श्रीनगर/भाषा।** नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को उम्मीद जताई कि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए विदेश मंत्री एस.जयशंकर की आगामी पाकिस्तान यात्रा से दोनों देशों के बेहतर रिश्तों की शुरुआत होगी। भारत ने शुक्रवार को घोषणा की थी कि जयशंकर इस महीने के मध्य में इस्लामाबाद में होने जा रहे एससीओ शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए पाकिस्तान जाएंगे। लगभग नौ वर्ष के बाद यह पहली बार होगा कि भारत के विदेश मंत्री पाकिस्तान की यात्रा करेंगे, जबकि कश्मीर मुद्दे और आतंकवाद को लेकर दोनों पड़ोसियों के बीच रिश्तों पर बर्फ जमी हुई है। पाकिस्तान 15 और 16 अक्टूबर को एससीओ के शासनाध्यक्षों की परिषद (सीएचजी) की बैठक की मेजबानी करेगा। अब्दुल्ला ने संवाददाताओं से कहा, '' मुझे उम्मीद है कि वे सभी मुद्दों पर बातचीत करने में समक्ष होंगे। आर्थिक मुद्दे हमारे लिए और स्वयं दुनिया के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। मुझे भरोसा है कि वे द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे।'' उन्होंने कहा, '' मुझे उम्मीद है कि वे मित्रवत रहेंगे और दोनों देशों के बीच बेहतर समझ बनाने की कोशिश करेंगे। मेरी ओर से सभी को हार्दिक शुभकामनाएं।'' नेकां नेता से जब पूछा गया कि क्या क्या दोनों पड़ोसी देशों के बीच मतभेद सुलझने की कोई उम्मीद है तब उन्होंने उम्मीद जताई कि इस बैठक से दोनों देशों के बीच बेहतर संबंधों की शुरुआत होगी।

## छत्तीसगढ़ की जनता कब तक गरीब रहेगी: वन मंत्री ने कोयला खनन का बचाव किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**रायपुर/भाषा।** छत्तीसगढ़ के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने राज्य में कोयला खनन एवं अन्य विकास परियोजनाओं का बचाव करते हुए कहा कि लोगों के जीवन स्तर में सुधार के लिए यह सब आवश्यक है।

'पीटीआई-भाषा' के साथ एक साक्षात्कार में कश्यप ने यह भी कहा कि राज्य सरकार बाघ अभ्यारण्यों के मुख्य क्षेत्रों से गावों के स्थानांतरण में तेजी लाने के केंद्र सरकार हाल के निर्देशों के अनुरूप कानून का सख्ती से क्रियान्वयन सुनिश्चित करेगी। जैव विविधता से भरपूर हसदेव अरण्य वन में कोयला परियोजना के लिए पेड़ों की कटाई के खिलाफ विरोध के बारे में पूछे जाने पर मंत्री ने स्वीकार किया कि कुछ लोगों ने कोयला खनन और अन्य विकास परियोजनाओं का विरोध किया है, लेकिन जोर देकर कहा कि अधिकतर लोगों ने इनका समर्थन किया है। उन्होंने कहा, ''संसाधनों से भरपूर इस क्षेत्र के लोग कब तक गरीब रहेंगे? विकास और ऊर्जा समान रूप से महत्वपूर्ण है। लोगों को रोजगार चाहिए। हां, अगर पेड़ काटे जाते हैं, तो यह हमारी जिम्मेदारी है कि उस नुकसान की भरपाई की जाए। हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि प्रभावित समुदायों के स्वास्थ्य और आजीविका की रक्षा की जाए।''

ऐसी परियोजनाओं के लिए ग्राम सभा की सहमति के मुद्दे पर कश्यप ने कहा, ''कानून ग्राम सभाओं को 'इनकार' करने की शक्ति देता है। कुछ मामलों में, उन्होंने इस शक्ति का इस्तेमाल किया है, लेकिन ज़्यादातर मामलों (कोयला खनन और अन्य परियोजनाओं) में समर्थन किया है।'' छत्तीसगढ़ में 57 अरब टन कोयला भंडार है और यह झारखंड एवं ओड़िशा के बाद भारत का तीसरा सबसे बड़ा कोयला उत्पादक राज्य है।

## पालघर में अपहर्ताओं के एक गिरोह के छह सदस्य गिरफ्तार, दो बच्चे बचाए गए

**पालघर/भाषा।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में पुलिस ने बच्चों का अपहरण करने वाले एक गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है और दो लड़कों को अगवा होने से बचाया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि गश्त कर रही पुलिसकर्मियों की एक टीम ने शुक्रवार रात मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर चरोटी पुल के नीचे कुछ लोगों को आपस में झगड़ते हुए देखा। पुलिस अधीक्षक बालासाहेब पाटिल ने बताया कि जब विवाद हिंसक हो गया तो टीम ने हस्तक्षेप किया और पाया कि उनके साथ आठ एवं पांच साल के दो लड़के भी हैं। बच्चों ने बताया कि गिरोह ने उन्हें ठाणे जिले के कल्याण से अगवा किया था। उन्होंने बताया कि छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें तीन महिलाएं हैं तथा लड़कों को बचाकर कल्याण पुलिस को सौंप दिया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी सांगली जिले के मिराज के निवासी हैं।

# हरियाणा विधानसभा चुनावों में 60 प्रतिशत से ज्यादा मतदान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चंडीगढ/भाषा।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में शनिवार को 60 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। यहां सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तीसरी बार सत्ता में आने की कोशिश कर रही है, जबकि कांग्रेस एक दशक बाद वापसी की कोशिश में हैं।

अधिकारियों ने बताया कि शाम छह बजे बंद हुआ मतदान सुचारु रूप से संपन्न हुआ, हालांकि नूंह में दो उम्मीदवारों के समर्थकों के बीच झड़प हुई, जिसमें तीन लोग घायल हो गए। शाम पांच बजे तक उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 61 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है तथा सभी सूचनाएं आने पर इसमें और वृद्धि होगी। भाजपा, कांग्रेस, इनेलो-बसपा और जेजेपी-आजाद समाज पार्टी गठबंधन और आम आदमी पार्टी चुनाव लड़ने वाली प्रमुख पार्टियां हैं। कुल 1,031 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें 101 महिलाएं और 464 निर्दलीय उम्मीदवार शामिल हैं। मतगणना आठ अक्टूबर को



होगी। इस चुनाव में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा के अनिल विज और ओपी धनखड़, कांग्रेस के भूपेंद्र सिंह हुड्डा और विनेश फोगाट, इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के अभय सिंह चौटाला और जननायक जनता पार्टी (जजपा) के दुष्यंत चौटाला आदि प्रमुख चेहरों में शामिल हैं।

शाम पांच बजे तक उपलब्ध निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार, यमुनानगर में 67.93 प्रतिशत, सिरसा में 65.37, रोहतक में 60.56, नूंह में 68.28, पलवल में 67.69, महेंद्रगढ़ में 65.76, कुरुक्षेत्र में 65.55 और जींद में 66.02 प्रतिशत मतदान हुआ।

हालांकि, शाम पांच बजे तक गुरुग्राम में 49.92 प्रतिशत, फरीदाबाद में 51.28 प्रतिशत और पंचकूला में 54.71 प्रतिशत मतदान हुआ।




# वाम दलों के कार्यकर्ताओं ने सैमसंग कर्मचारियों के समर्थन में किया प्रदर्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** वाम दलों के कार्यकर्ताओं और नेताओं को शनिवार को उस समय हिरासत में ले लिया गया जब उन्होंने पुलिस की अनुमति के बिना नौ सितंबर से आंदोलन कर रहे सैमसंग होम अप्लायंस के कर्मचारियों के प्रति एकजुटता प्रकट करने के लिए प्रदर्शन किया। पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए नेताओं में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा)के राज्य सचिव आर.मुथरासन और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के राज्य सचिव के.बालकृष्णन शामिल हैं। वाम दलों ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.स्टालिन से हड़ताल कर रहे सैमसंग के कर्मचारियों के मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की।

उन्होंने कहा कि प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों को संघों से जुड़ने का अधिकार है और आरोप लगाया कि कर्मचारियों का दमन किया जा रहा है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि हिरासत में लिए गए लोगों को नुंगमबाक्कम में स्थित एक विवाहघर में रखा गया और बाद में हिरासत में ले लिया गया।

बालकृष्णन ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि क्या प्रदर्शन के बाद उनकी गिरफ्तारी का उद्देश्य सैमसंग प्रबंधन को नाराज न करना था। मुथरासन ने दावा किया कि संविधान शांतिपूर्ण विरोध की अनुमति देता है। इस बीच, सैमसंग इंडिया ने कहा कि कंपनी श्रमिकों के साथ सीधे बातचीत करके वेतन, लाभ और कार्य स्थिति सहित मुद्दों का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

सैमसंग की फैक्टरी में हड़ताल के कारण उत्पादन प्रभावित हुआ था लेकिन अब स्थिति सामान्य है और कोरियाई इलेक्ट्रॉनिक दिग्गज ने यह सुनिश्चित किया है कि त्योहारों के मौसम में उसके उत्पादों को लेकर कोई व्यवधान उत्पन्न न हो।

## मुख्यमंत्री विजयन का साक्षात्कार लेने वाले मीडिया संगठन पर नहीं होगी कानूनी कार्रवाई : एलडीएफ



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की ओर से एक साक्षात्कार के दौरान दिये गए बयान को कथित तौर पर गलत तरीके से पेश करने को लेकर एक मीडिया संगठन के खिलाफ कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) द्वारा कार्रवाई किये जाने की मांग के बीच वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) ने शनिवार को किसी तरह की कार्रवाई की जरूरत से इनकार किया। सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा ने कहा कि कोई कानूनी कार्रवाई करने की जरूरत नहीं है क्योंकि मीडिया संगठन ने माफी मांग ली है।

एलडीएफ के संयोजक टी.पी.रामकृष्णन ने कहा कि मीडिया संगठन ने अपनी गलती के लिए माफी मांग ली है इसलिए उसके खिलाफ किसी तरह की कानूनी कार्रवाई करने की कोई जरूरत नहीं है। संवाददाताओं ने सवाल किया कि उक्त मीडिया संगठन के खिलाफ क्यों नहीं कोई कार्रवाई की जा रही है, तो इसके जवाब में रामकृष्णन ने कहा, उन्होंने माफी मांग ली है, तो फिर आप क्यों उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने पर अड़े हुए हैं। एलडीएफ संयोजक ने कहा कि वाम मोर्चा का मीडिया के प्रति सम्मानजनक रुख रहा है। रामकृष्णन ने कहा कि जब वाम मोर्चा को लगता है कि उन्होंने कुछ गलत किया है, तो हम उनकी कड़ी आलोचना करते हैं। हाल ही में एक साक्षात्कार के दौरान दिये गए मुख्यमंत्री के बयान को कथित तौर पर गलत तरीके से पेश किए जाने के बाद उनके साक्षात्कार की व्यवस्था करने के लिए जनसंपर्क एजेंसियों के कथित इस्तेमाल को लेकर सत्तारूढ़ वाम मोर्चा और विजयन विपक्ष के निशाने पर हैं।

इससे पहले विपक्षी कांग्रेस ने विजयन पर आरोप लगाया था कि उन्होंने अपने हालिया साक्षात्कार के माध्यम से बहुसंख्यक की सांप्रदायिकता के तुष्टीकरण का प्रयास किया। इस साक्षात्कार में उन्हें यह कहते हुए उद्धृत किया गया था कि मलप्पुरम जिले में सोने की तस्करी और हवाला के मामले अधिक थे।

इसके बाद मुख्यमंत्री और उनके कार्यालय ने साक्षात्कार के दौरान ऐसी कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया था।

## एडीजीपी और आरएसएस नेता की मुलाकात में कुछ भी गलत नहीं : एझावा नेता



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोल्लम/भाषा।** बहुसंख्यक एझावा समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन एसएनडीपी के महासचिव वेल्लापल्ली नटेशन ने शनिवार को कहा कि अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) एमआर अजीतकुमार की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के नेताओं से मुलाकात में कुछ भी गलत नहीं है। श्री नारायण धर्म परिपालन योगम (एसएनडीपी) के महासचिव नटेशन ने पुलिस अधिकारी की आरएसएस नेताओं के साथ विवादास्पद मुलाकात पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि संघ परिवार के नेता भी इंसान ही हैं।

उन्होंने यहां संवाददाताओं द्वारा पूछे गये सवाल के जवाब में कहा कि आरएसएस उस पार्टी का सहयोगी संगठन है, जो देश पर शासन कर रही है और संघ के नेताओं के साथ मुलाकात कोई पाप नहीं है। नटेशन ने कहा, संघ के नेताओं के साथ मुलाकात में क्या गलत है? क्या संघ परिवार के नेता अछूत हैं? वे भी इंसान ही हैं, ठीक है न? नटेशन ने हालांकि उम्मीद जताई कि जांच रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद मुख्यमंत्री पिनराई विजयन त्रिशूर पूरम विवाद में एडीजीपी की कथित संलिप्तता के संबंध में उचित निर्णय लेंगे। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि मुख्यमंत्री एडीजीपी के पक्ष में कोई रुख अपनाएंगे। एझावा समुदाय के नेता ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि अगर अधिकारी के खिलाफ आरोप साबित होते हैं तो मुख्यमंत्री आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

# पूजा उत्सव के लिए विशेष ट्रेनें

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** दक्षिण रेलवे से प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार दुर्गा और दीपावली पूजा के मद्देनजर यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है।

ट्रेन संख्या 06171 कोयंबटूर–चेन्नई एग्मोर सुपरफास्ट फेस्टिवल स्पेशल 06 अक्टूबर (रविवार) को 23.30 बजे कोयंबटूर से रवाना होगी और अगले दिन 08.30 बजे चेन्नई एग्मोर पहुंचेगी। वापसी दिशा में ट्रेन संख्या 6172 चेन्नई एग्मोर–पोदनूर सुपरफास्ट फेस्टिवल स्पेशल 07 अक्टूबर (सोमवार) को चेन्नई एग्मोर से 10.30 बजे रवाना होगी और उसी दिन 18.00 बजे पोदनूर पहुंचेगी। इस ट्रेन में दो एसी टू टियर कोच, सात एसी थ्री टियर कोच, छह स्लीपर क्लास कोच, चार सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच, एक द्वितीय श्रेणी कोच (दिव्यांगजन अनुकूल) और एक लगेज सह ब्रेक वैन होंगे।

ट्रेन संख्या 06178 डॉ एमजीआर चेन्नई सेंट्रल–नागरकोइल त्यौहार स्पेशल 09 अक्टूबर (बुधवार) को 19.00 बजे डॉ एमजीआर चेन्नई सेंट्रल से रवाना होगी और अगले दिन 10.50 बजे नागरकोइल पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 06179 नागरकोइल – डॉ एमजीआर चेन्नई सेंट्रल फेस्टिवल स्पेशल 10 अक्टूबर (गुरुवार) को 19.30 बजे नागरकोइल से रवाना होगी और अगले दिन 11.25 बजे डॉ एमजीआर चेन्नई सेंट्रल पहुंचेगी। इस ट्रेन में 15 एसी थ्री टियर इकॉनमी कोच और दो लगेज कम ब्रेक वैन होंगे।

ट्रेन नं. 06186 डॉ एमजीआर चेन्नई सेंट्रल–तूतीकोरिन फेस्टिवल स्पेशल 08 अक्टूबर मंगलवार को 23.45 बजे डॉ एमजीआर चेन्नई सेंट्रल से रवाना होगी और अगले दिन 13.50 बजे तूतीकोरिन पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 06187 तूतीकोरिन – डॉ एमजीआर चेन्नई सेंट्रल फेस्टिवल स्पेशल 09 अक्टूबर (बुधवार) को 16.15 बजे तूतीकोरिन से रवाना होगी और अगले दिन 08.55 बजे डॉ एमजीआर चेन्नई सेंट्रल पहुंचेगी। इस ट्रेन में दो एसी टू टियर कोच, 4 – एसी थ्री टियर कोच, 12 – स्लीपर क्लास कोच, 3 – सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच, 2 – द्वितीय श्रेणी कोच (दिव्यांगजन अनुकूल) होंगे। ट्रेन संख्या 06190 तिरुचिरापल्ली – ताम्बरम सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल (सप्ताह में 5 दिन) 11 अक्टूबर से 31 दिसंबर तक यानी मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार, शनिवार, रविवार को तिरुचिरापल्ली से 05.35 बजे रवाना होगी और उसी दिन 12.30 बजे ताम्बरम पहुंचेगी। इस ट्रेन की 59 फेरे होंगे। वापसी दिशा में ट्रेन संख्या 06191 ताम्बरम – तिरुचिरापल्ली एक्सप्रेस स्पेशल ( सप्ताह में 5 दिन) 11 अक्टूबर से 31 दिसंबर तक यानी मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार, शनिवार, रविवार को 15.30 बजे ताम्बरम से रवाना होगी और उसी दिन 23.35 बजे तिरुचिरापल्ली पहुंचेगी। इस ट्रेन में 2 – एसी थ्री टियर कोच, 6 – स्लीपर क्लास कोच, 10 – सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच, और 2 – लगेज सह ब्रेक वैन होंगे।

## गोवा ने तमिलनाडु को और केरल ने हिमाचल प्रदेश को हराया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पल्लक्कड़।** गोवा ने शनिवार को यहां 29वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के शुरूआती दिन 2023 चैम्पियन और पिछले सत्र के सेमीफाइनल में पहुंची तमिलनाडु को 1–0 सेहराकर उलटफेर किया। ग्रुप ए के इस मुकाबले में गोवा के लिए सुष्मिता जाधव ने 20वें मिनट में यह गोल दागा।

एक अन्य मैच में केरल ने हिमाचल प्रदेश को 5–0 से हराकर अपना अभियान शानदार तरीके से शुरू किया। मेजबान टीम के लिए मनासा के ने 39वें मिनट में, अहाना वेंगट ने 45+1वें मिनट में, कप्तान मालविका पी ने 64वें मिनट में, डिफेंडर लक्ष्मीप्रिया ने 69वें और शिलजी शाजी ने 90+1वें मिनट में गोल किये।



## कर्नाटक को मिलेगी नमो भारत रैपिड रेल

**रेल** मंत्री वैष्णव ने नमो भारत रैपिड रेल के बारे में भी बात की, जिससे बेंगलूरु–तुमकुरु और बेंगलूरु–मैसूर जैसे एक–दूसरे के नज़दीकी शहरों को फ़ायदा होगा। उन्होंने बताया कि भविष्य में ये ट्रेनें बेंगलूरु क्षेत्र में भी शुरु की जाएंगी। उन्होंने बताया कि देश में अभी नई दिल्ली से मेरठ और अहमदाबाद से भुज के बीच नमो भारत रेपिड रेल का संचालन किया जा रहा है। शीघ्र भविष्य में कर्नाटक में भी यह सेवा शुरु की जाएगी।

## मंजेश्वरम चुनाव रिश्वत मामले में केरल भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्रन आरोप-पत्र

**कासरगोड।** केरल की एक अदालत ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेन्द्रन और पांच अन्य को मंजेश्वरम चुनाव रिश्वत मामले में आरोप–मुक्त कर दिया। सुरेन्द्रन और अन्य को कासरगोड सत्र न्यायाधीश सानु एस पणिक्कर ने आरोप–मुक्त किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के वकील ने संवाददाताओं को बताया कि अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला टिक नहीं पाएगा। वकील ने यह भी कहा कि अदालत ने बचाव पक्ष की यह दलील स्वीकार कर ली कि इस मामले में मुकदमा चलाने की कोई जरूरत नहीं है।

उन्होंने आगे कहा कि बचाव पक्ष यह साबित करने में सक्षम रहा कि मामला मनगढ़ंत था और इसके पीछे राजनीतिक साजिश थी। विस्तृत आदेश अभी उपलब्ध नहीं हो सका है। फैसले के बाद अदालत के बाहर पत्रकारों से बातचीत में सुरेंद्रन ने कहा कि वह शुरू से ही कह रहे थे: सत्य की जीत होगी। उन्होंने कहा कि यह उनकी राजनीतिक संभावनाओं को नष्ट करने के लिए उन्हें झूठे मामले में फंसाने की एक सुनियोजित साजिश थी। उन्होंने आरोप लगाया, इस साजिश के पीछे माकपा, कांग्रेस और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के नेता थे। उन्होंने दावा किया कि झूठे मामले के पीछे का उद्देश्य पार्टी को कमजोर करना और उनका आत्मविश्वास हिलाना था, लेकिन यह असफल रहा।

## केंद्र चेन्नई मेट्रो चरण-2 परियोजना का 65 प्रतिशत वित्तपोषण करेगा

**चेन्नई/नई दिल्ली।** केंद्र सरकार चेन्नई मेट्रो चरण–2 परियोजना की अनुमानित लागत का 65% वित्तपोषण करेगी। वित्त मंत्रालय ने यह जानकारी देते हुए कहा इस परियोजना में केंद्र का हिस्सा 41,000 करोड़ रुपये से अधिक होगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को चेन्नई मेट्रो रेल परियोजना चरण–2 के तहत तीन कॉरिडोर बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इनकी कुल अनुमानित लागत 63,246 करोड़ रुपये है। केंद्र का हिस्सा 41,000 करोड़ रुपये से अधिक है। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि केंद्र सरकार चेन्नई मेट्रो चरण–2 की अनुमानित लागत का लगभग 65% वित्तपोषण करेगी। इसमें 33,593 करोड़ रुपये का ऋण और 7425 करोड़ रुपये की इक्विटी तथा अधीनस्थ ऋण शामिल है। अनुमानित लागत का शेष 35% राज्य सरकार जुटाएगी।

## मंगलूरु-बेंगलूरु ट्रेन 16511 फिलहाल विश्वेश्वरैया टर्मिनस से चलेगी

**चेन्नई/मंगलूरु।** रेलवे ने कन्नूर–केएसआर (मंगलूरु होकर) ट्रेन 16512/16511 के यशवंतपुर स्टेशन पर ठहराव रद्द करने के अपने फैसले को आंशिक रूप से वापस ले लिया है और ट्रेन को फिलहाल मैजिस्टिक रेल स्टेशन की बजाय एम विश्वेश्वरैया (एसएमवीटी) से संचालित करने का निर्णय लिया है। दक्षिण रेलवे के प्रवक्ता ने शुक्रवार को यहां यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि प्रारंभ में रेलवे ने घोषणा की थी कि ट्रेन संख्या 16511 और 16512 केएसआर बेंगलूरु को छोड़कर सीधे एसएमवीटी बेंगलूरु से यशवंतपुर तक चलेंगी। हालांकि, व्यापक विरोध के बाद विभाग ने समय सारिणी को संशोधित किया है। उन्होंने बताया कि संशोधित समय सारिणी के अनुसार 16511 बेंगलूरु–कन्नूर एक्सप्रेस अब केएसआर बेंगलूरु से रात 9:35 बजे के बजाय एसएमवीटी बेंगलूरु से रात 8 बजे रवाना होगी और रात 9:25 बजे यशवंतपुर पहुंचेगी। वहीं 16512 कन्नूर–बेंगलूरु एक्सप्रेस शाम 5:05 बजे कन्नूर से रवाना होगी और अगले दिन सुबह 6:10 बजे यशवंतपुर पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि ये ट्रेन केएसआर बेंगलूरु स्टेशन पर नहीं रुकेंगी। संशोधित समय सारिणी का उद्देश्य यशवंतपुर स्टेशन पर विकास कार्य के दौरान यात्रियों को होने वाली असुविधा को कम करना है।

# विपक्ष के झूठे आरोपों के आधार पर इस्तीफा नहीं दूंगा : सिद्दरामय्या

**रायचूर।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने शनिवार को फिर से कहा कि वह विपक्षी दलों के ''झूठे आरोपों'' के आधार पर पद से इस्तीफा नहीं देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह वास्तविक स्थिति से राज्य के लोगों को अवगत कराएंगे। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, अगर विपक्षी दल झूठे आरोपों के आधार पर (मेरा) इस्तीफा मांग रहे हैं, तो क्या मुझे इस्तीफा दे देना चाहिए? हम झूठे आरोपों का जवाब देंगे। हम लोगों को सच्चाई बताएंगे।

मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) भूखंड आवंटन मामला सामने आने के बाद, कांग्रेस में व्यस्त राजनीतिक गतिविधियों के बारे में पूछे जाने पर सिद्दरामय्या ने कहा कि लोग अनावश्यक रूप से अटकलें लगा रहे हैं। इन गतिविधियों के तहत दलित और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के नेता बैठकें कर रहे हैं। सिद्दरामय्या ने हैरानगी जताते हुए कहा, ''मंत्री इस विषय पर चर्चा करेंगे, लेकिन क्या आपको अटकलें लगानी चाहिए? जब राज्य के लोक निर्माण मंत्री सतीश जरकीहोली कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मिलते हैं या विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री एन एस बोसराजू किसी मंत्री से मिलते हैं तो लोग अटकलें लगाते हैं। पहले भी ऐसी बैठकें हुई हैं और अभी भी हो रही हैं लेकिन ऐसी अटकलों को बढ़ावा क्यों दिया जा रहा है?'' मैसूरु में, दशहरा समारोह के उद्घाटन के दौरान जनता दल (एस) के वरिष्ठ



विधायक जी टी देवेगौड़ा द्वारा उनका समर्थन किए जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने केवल सच बोला है। उन्होंने पूछा, ''जी टी देवेगौड़ा जद(एस) की कोर कमेटी के अध्यक्ष हैं और मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण के सदस्यों में से एक हैं। उन्होंने केवल सच कहा है। इसमें गलत क्या है?'' एक विशेष अदालत द्वारा 25 सितंबर को लोकायुक्त पुलिस को एमयूडीए भूखंड आवंटन मामले में सिद्दरामय्या के खिलाफ जांच करने का आदेश दिए जाने के बाद, विपक्षी दलों की ओर से मुख्यमंत्री पर पद से इस्तीफा देने का दबाव बढ़ाया जा रहा है। लोकायुक्त पुलिस ने 27 सितंबर को सिद्दरामय्या, उनकी पत्नी पार्वती, उनके करीबी रिश्तेदार मल्लिकार्जुन स्वामी, देवराजू (जिनसे मल्लिकार्जुन स्वामी ने जमीन खरीदकर पार्वती को उपहार में दी थी) और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। विशेष अदालत का आदेश उच्च न्यायालय द्वारा सिद्दरामय्या के खिलाफ जांच के लिए राज्यपाल थावरचंद गहलोत द्वारा दी गई मंजूरी को बरकरार रखने के एक दिन बाद आया था। प्रवर्तन निदेशालय ने भी सिद्दरामय्या की पत्नी को 14 भूखंडों के आवंटन में कथित अनियमितताओं को लेकर मुख्यमंत्री के खिलाफ एक प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज की है, जो पुलिस द्वारा दर्ज की जाने वाली प्राथमिकी के समान होती है।

## यहाँ रहने वाले सभी लोग कन्नडिगा हैं घर की भाषा कोई भी हो, व्यावसायिक भाषा कन्नड़ होनी चाहिए : मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या

**रायचूर।** कर्नाटक को पूर्णतः कन्नड़ बनने दीजिए। मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने कन्नड़ भूमि, जल, संस्कृति, भाषा और भूमि को कन्नड़ बनाने का आह्वान किया। कन्नड़ और संस्कृति विभाग, कन्नड़ विकास प्राधिकरण ने कन्नड़ उत्सव 50 के हिस्से के रूप में आयोजित भव्य सम्मेलन गोकक मूवमेंट: रेट्रोस्पेक्ट–फोरकास्ट का उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि कर्नाटक में रहने वाले सभी लोग कन्नड़ हैं। घर की भाषा कोई भी हो, व्यवसायिक भाषा कन्नड़ ही होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कन्नड़ को शीर्ष भाषा और कन्नड़ को पहली भाषा बनाने का आह्वान किया। गोकक आंदोलन के परिणामस्वरूप, राज्य में कन्नड़ माहौल का विस्तार करने के लिए कन्नड़ कवालु समिति का गठन किया गया था। बाद में यह समिति कन्नड़ विकास प्राधिकरण बन गई। उन्होंने कहा, हर भाषा सीखें, लेकिन कन्नड़ आधिकारिक भाषा होनी चाहिए। कन्नड़ भूमि में कन्नड़ भाषा आंदोलन अत्यंत ऐतिहासिक है। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान कन्नड़ बनाने के काम को याद किया। सभी भाषाओं का सम्मान करें, जितनी संभव हो उतनी भाषाएँ सीखें लेकिन इतने क्रूर न बनें कि इस भूमि की भाषा कन्नड़ को छोड़ दें। मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ कन्नड़ कार्यकर्ताओं और गोकक सेनानियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में मंत्री शिवराज थंगडागी, एचसी महादेवप्पा, शरण प्रकाश पाटिल, बोसाराजू, कन्नड़ विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष पुरूषोत्तम बिलिमाले सहित जिले के विधायक, पूर्व विधायक, कन्नड़ कार्यकर्ता, कार्यकर्ता, कन्नड़ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India
भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking
क्षेत्रीय कार्यालय, द्वितीय तल, 139, ब्रॉडवे, चेन्नई-600108

**पट्टे पर परिसर की आवश्यकता**

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को बैंकिंग प्रयोजन हेतु **टीएसके नगर** में भूतल पर **2000 वर्ग** फीट कालीन क्षेत्र के लिए तैयार स्थिति में एक उपयुक्त परिसर की आवश्यकता है, जो अधिमानत: हमारे वर्तमान **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, टीएसके नगर, आर-32, टीएनहेचबी शाप्पिंग कॉम्प्लेक्स, अंबत्तूर एस्टेट रोड, टीएस कृष्णा नगर, चेन्नै-600050** से 500 मीटर्स के अंदर

भावी विक्रेता जो स्वामित्व रखते हैं या परिसर के मालिक की ओर से बातचीत करने का अधिकार रखते हैं, वे कार्यालय समय के दौरान **07.10.2024 (सोमवार)** से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, टीएसके नगर शाखा/क्षेत्रीय कार्यालय, चेन्नै उत्तर से तकनीकी बोली एवं मूल्य बोली के फार्मेट प्राप्त करें या वेबसाइट **www.unionbankofindia.co.in or https://eprocure.gov.in** से डाउनलोड करें और अपनी तकनीकी बोलीयों तथा मूल्य बोलीयों को, दो अलग-अलग मुहरबंद लिफाफे में डालकर, उसके ऊपर तकनीकी/मूल्य बोली लिखकर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, चेन्नै उत्तर(ब्रॉडवे क्षेत्रीय कार्यालय), सं.139, प्रकाशम सालै, ब्रॉडवे, द्वितीय तल, चेन्नै-600 108 को दिनांक **21.10.2024 (सोमवार)** के दोपहर **3.00 बजे** तक या उससे पहले प्रस्तुत करें। विक्रेता/उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में, उपरोक्त पते पर, **21.10.2024 (सोमवार)** को शाम **4.00 बजे** तकनीकी बोलियाँ खोली जाएगीं। कृपया दलाल या मध्यवर्ती संस्थाएं भाग न लें। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या सरकारी/अर्ध सरकारी निकायों द्वारा पट्टे पर दी जानेवाली संपत्ति को प्राथमिकता दी जाएगी। बिना कोई कारण बताए, बोलियों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार बैंक रखता है।

**उप महा प्रबन्धक**

पूजा-अर्चना



राज्यपाल हरिभाऊ बागडे शनिवार को सीकर जिले के श्रीखाटूश्याम जी मंदिर पहुँचे। उन्होंने वहाँ श्याम बाबा के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की । राज्यपाल बागडे ने श्रीश्याम बाबा से प्रदेश की सम्पन्नता और खुशहाली की कामना की।

# डीजीपी ने लोहावट के वृत्ताधिकारी छाबा को निलंबित किया

जयपुर। राजस्थान के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू ने लोहावट के वृत्ताधिकारी शंकर लाल छाबा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार डीजीपी साहू ने शनिवार को वृत्ताधिकारी के निलंबन का आदेश जारी किया। इसके तहत फलोदी जिले के लोहावट में वृत्ताधिकारी (सीओ) के पद पर कार्यरत राजस्थान पुलिस सेवा के अधिकारी शंकर लाल छाबा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साहू ने बताया कि छाबा के विरुद्ध एक विभागीय जांच प्रस्तावित होने के संदर्भ में यह कार्रवाई की गई है। निलंबन काल के दौरान छाबा पुलिस मुख्यालय जयपुर से संबद्ध रहेंगे।

उल्लेखनीय है कि जिले के देचू कस्बे में बलात्कार के एक आरोपी ने बृहस्पतिवार को थाने में हिरासत के दौरान कथित तौर पर फांसी लगा ली थी। आरोपी के समुदाय के लोगों ने इस मौत को हत्या बताते हुए देचू थाने का घेराव किया था।

# आचार संहिता लगते ही अवैध नकदी, मादक पदार्थों और मुफ्त वितरण वाली वस्तुओं पर सख्त निगरानी होगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में विधानसभा उपचुनाव-2024 के दौरान चुनाव प्रक्रिया को स्वतंत्र एवं पारदर्शी तथा धनबल, बाहुबल और लोभ-लालच रहित तरीके से सम्पन्न कराने के लिए सम्बंधित क्षेत्रों में आचार संहिता लगने के उपरांत अवैध नकदी, मादक पदार्थों और मुफ्त वितरण के लिए आने वाली वस्तुओं के परिवहन पर सख्त निगरानी की जाएगी।

इस कार्य में राजस्थान सरकार और भारत सरकार की विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियां आपसी समन्वय के साथ संदिग्ध वस्तुओं के अवैध परिवहन पर निगरानी और धरपकड़ का कार्य मुस्तैदी से करेंगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने इस विषय में शुक्रवार को चुनावी खर्च पर निगरानी की व्यवस्था लागू करने वाली प्रवर्तन एजेंसियों के राज्य स्तरीय नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपचुनाव के लिए आचार संहिता लागू होने के बाद क्षेत्र में तैनात सभी अधिकारी सजगता और तत्परता से काम करते हुए अवैध नकदी एवं संदिग्ध वस्तुओं के परिवहन, वितरण और भण्डारण पर नियमानुसार कड़ी कार्यवाही करें। साथ ही, इस बात का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए कि उनकी गतिविधियों और कार्रवाई से आम नागरिकों, सामान्य व्यापारियों और पर्यटकों आदि को बेवजह परेशानी नहीं हो।

बैठक में निर्वाचन विभाग के अधिकारियों ने उपचुनाव के मद्देनजर विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों की भूमिका और चुनाव प्रक्रिया के दौरान उनसे अपेक्षित सहयोग के विषय में प्रस्तुतीकरण दिया। इस दौरान राजस्थान पुलिस, भारत सरकार के आयकर विभाग, मादक पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो, राजस्व आसूचना निदेशालय, केन्द्रीय वस्तु सेवा कर (सीजीएसटी) आदि विभागों, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, रेलवे सुरक्षा बल, राज्य सरकार के आबकारी, वाणिज्यिक कर, परिवहन तथा वन आदि विभागों के नोडल अधिकारियों अथवा उनके प्रतिनिधियों ने भी प्रस्तुतीकरण दिए।

महाजन ने अधिकारियों से कहा कि प्रदेश में आगामी दिनों में 7 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए आचार संहिता लागू होने की संभावना है। इस क्रम में प्रवर्तन एजेंसियों की चुनाव खर्च की निगरानी करने वाली टीमों को अधिक संवेदनशील तथा सतर्क रहकर कार्य करने की जरूरत है।

# उपमुख्यमंत्री बैरवा के बेटे पर यातायात नियमों के उल्लंघन के लिए 7,000 का जुर्माना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। परिवहन विभाग ने उपमुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा के बेटे को विभिन्न नियमों के उल्लंघन के लिए 7000 रुपए के जुर्माने का चालान भेजा है। यह चालान बैरवा के बेटे द्वारा एक 'मॉडिफाइड' वाहन चलाने का वीडियो सामने आने के कुछ दिन बाद जारी किया गया है। परिवहन विभाग ने बैरवा के बेटे पर वाहन में अनधिकृत 'मॉडिफिकेशन' कराने के लिए 5,000 रुपये, सीट बेल्ट न लगाने के लिए 1,000 रुपये और गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने के लिए 1,000 रुपये का जुर्माना लगाया है। वाहन के मालिक पुष्पेंद्र भारद्वाज के बेटे को भी एक अक्टूबर को नोटिस जारी कर मोटर वाहन कानून के तहत सात दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया था।

दरअसल बैरवा व स्थानीय कांग्रेस नेता भारद्वाज के बेटों की 'मॉडिफाइड' गाड़ी चलाते हुए एक रील पिछले सप्ताह वायरल हो गई थी जिसके बाद विवाद खड़ा हो गया था। इस रील में बैरवा के बेटे के साथ वाहन की आगे की सीट पर भारद्वाज का बेटा व पीछे दो लोग बैठे दिखाई दे रहे हैं। वाहन के मालिक की पहचान भारद्वाज के बेटे के रूप में की गई। पुलिस की बत्ती लगी राजस्थान सरकार की एक गाड़ी उनके पीछे चल रही थी। वीडियो की सोशल मीडिया पर आलोचना होने के बाद बैरवा ने अपने बेटे का बचाव करते हुए कहा कि जब से वह उपमुख्यमंत्री बने हैं, उनके बेटे को धनी लोगों से मिलने-जुलने और उनकी लग्जरी कारों को देखने का अवसर मिला है।

बैरवा ने कहा था, मेरा बेटे के स्कूल में कई बच्चे उसके दोस्त है। मैं माननीय प्रधानमंत्री को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने मुझ जैसे व्यक्ति को राजस्थान का उपमुख्यमंत्री बनाया। इसके बाद, अगर धनी लोग मेरे बेटे को अपनी कारों में बैठने की अनुमति देते हैं और उसे लग्जरी कारें देखने का मौका देते हैं, तो मैं उनका आभारी हूं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका बेटा अभी कानूनी तौर पर गाड़ी चलाने की उम्र तक नहीं पहुंचा है और उसके साथ जो वाहन है वह केवल सुरक्षा के लिए है। उन्होंने कहा, पुलिस वाहन सुरक्षा के लिए पीछे था। अगर लोग इसे अलग तरह से समझते हैं, तो यह उनका दृष्टिकोण है लेकिन मैं अपने बेटे या उसके दोस्तों को दोष नहीं देता। हालांकि, बाद में बैरवा ने इस घटना पर खेद व्यक्त करते हुए कहा कि वह नहीं चाहते कि उनके कार्यों से उनकी पार्टी की छवि खराब हो।

उपमुख्यमंत्री ने कहा, वह बच्चा है, अभी छोटा है। मैंने उसे इस तरह का बर्ताव दोबारा न करने की सलाह दी है। उन्होंने यह भी बताया कि उनके पास कोई वाहन नहीं है, उनके परिवार में केवल एक जीप है जो उनकी पत्नी के नाम पर पंजीकृत है। बैरवा दूदू विधानसभा सीट से भाजपा के विधायक हैं।




# स्वच्छ पर्यावरण के लिए किसान प्राकृतिक खेती अपनाएं : राज्यपाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने किसानों का आह्वान किया है कि वे प्राकृतिक खेती की ओर लौटें। उन्होंने रसायन रहित खेती के साथ न्यूनतम लागत, अधिक उपज, उच्च गुणवत्ता और स्वच्छ पर्यावरण के लिए प्राकृतिक खेती को अपनाए जाने पर जोर दिया। उन्होंने गांव का पैसा गांव में और शहर का पैसा शहर में के लिए किसानों को कार्य करते देश की समृद्धि में योगदान का आह्वान किया।

बागडे शनिवार को खाटूश्याम जी में बजाज फाउंडेशन के जमनालाल कनीराम ट्रस्ट द्वारा आयोजित तीन दिवसीय सुभाष पालेकर कृषि कार्यशाला में संबोधित कर रहे थे। इसमें देश के 13 राज्यों के किसान भाग ले रहे हैं। राज्यपाल ने जल संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए गांव का पानी, गांव में ही रुके, ऐसे प्रयास किए जाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि भूमि अन्नपूर्णा है। मिट्टी की उर्वरा शक्ति बचाने के लिए प्राकृतिक खेती ही देश की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने कहा कि यूरिया, डीएपी और कीटनाशकों के बढ़ते अधिक उपयोग से गंभीर बीमारियों में वृद्धि हुई है। मिट्टी के मित्र किटाणु और सूक्ष्म जीवों की संख्या में नगण्य रह गई है। इन उर्वरकों के कारण आज कैंसर जैसे असाध्य रोग के रोगियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इन सबसे बचने के लिए किसान प्राकृतिक खेती को अपनाए।



# मोबाइल वेटरिनरी यूनिट को देश में मॉडल बनाने का प्रयास करें : शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। शासन सचिव, पशुपालन डॉ. समित शर्मा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शासन सचिव ने विभाग के सभी अधिकारियों तथा जिलों में स्थित सभी अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर आवश्यक दिशानिर्देश प्रदान किए। उन्होंने दवाईयों की आपूर्ति और उपलब्धता को विभाग की पहली प्राथमिकता बताते हुए कहा कि प्रत्येक पशु चिकित्सा संस्थानों में आवश्यक दवाईयों और सर्जिकल आइटम्स की उपलब्धता हर समय सुनिश्चित होनी चाहिए। कोई भी पशुपालक हमारे संस्थानों से खाली हाथ नहीं लौटना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें हमारे संस्थानों में जो भी उपलब्ध संसाधन हैं उनसे पशुपालकों को सर्वश्रेष्ठ सेवा देनी है।

टीकाकरण के काम में तेजी लाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिति में टीकाकरण की जो स्थिति है उसका कोई औचित्य नहीं है। केवल टीकाकरण करा देना ही काफी नहीं है संबंधित ऐप पर उसका इंद्राज होना भी बहुत आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिया कि आने वाले पंद्रह दिनों में टीकाकरण की स्थिति साफ हो जानी चाहिए।

पॉलीक्लिनिक पर उपलब्ध उपकरणों के रखरखाव और उसके उपयोग पर चर्चा करते हुए डॉ. शर्मा ने कहा कि कई स्थानों पर हमारे उपकरण काम में नहीं लिए जा रहे हैं ऐसी स्थिति ठीक नहीं है। उन्होंने संस्थानों में खराब पड़े उपकरणों को ठीक कराने की व्यवस्था कर उन्हें काम में लेना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कम पैसे में हमारे संस्थानों को बेहतर बनाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

शासन सचिव ने कहा कि मोबाइल वेटरनरी यूनिट भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है 2 अक्टूबर से इसका हेल्पलाइन नंबर प्रायोगिक रूप से काम कर रहा है। पशुपालन मंत्री, जोराराम कुमावत 9 अक्टूबर को इसका विधिवत शुभारंभ करेंगे। इसका लाभ अधिकतम पशुपालकों और पशुओं को मिले इसके लिए पूरी निष्पक्षता, ईमानदारी और पारदर्शिता से काम करना होगा। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर भी एक छोटा आयोजन कर इसका प्रचार प्रसार किया जाना चाहिए जिससे अधिक से अधिक लोगों तक इसकी जानकारी पहुंच सके। उन्होंने कहा कि मोबाइल वेटरनरी यूनिट केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का भी प्रचार प्रसार करेगी। डॉ. शर्मा ने मोबाइल वेटरनरी यूनिट की क्रियान्विति इस तरीके से करने के निर्देश दिए जिससे यह देश में मॉडल के रूप में उभर सके।

डॉ. शर्मा ने जिलों में पशु चिकित्सा संस्थानों की भूमि पर हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए निर्देश देते हुए कहा कि जिला कलक्टर्स के साथ मिलकर इस समस्या का समाधान निकाला जाए। पशु चिकित्सा संस्थानों की जगह पर किसी का अतिक्रमण नहीं होना चाहिए।

# मॉक ड्रिल करते समय अग्निशमन सिलेंडर फटने से अग्निवीर की मौत

भरतपुर। राजस्थान के भरतपुर में सेवर थाना क्षेत्र के गोलपुरा आर्मी फील्ड में मॉक ड्रिल करते समय अग्निशमन सिलेंडर फट जाने से गम्भीर रूप से घायल हुये एक अग्निवीर की उपचार के दौरान मौत हो गये। पुलिस के अनुसार शुक्रवार दोपहर आर्मी बटालियन के प्रशिक्षण शिविर के दौरान आग बुझाने की मॉक ड्रिल करते समय अग्निशमन सिलेंडर फट जाने से गम्भीर रूप से घायल हुये उत्तर प्रदेश के कन्नौज में इंदरगढ़ थाना के उमरदा चौकी क्षेत्र में भखरा गांव निवासी 24 वर्षिय अग्निवीर सौरभ की शनिवार देर रात निजी नर्सिंग होम में मौत हो गयी।

मृतक अग्निवीर सौरभ के शव का शनिवार को जिला आरबीएम अस्पताल में उनके पिता की मौजूदगी में पोस्टमार्टम किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मॉक ड्रिल करते समय जवान सौरभ ने अग्निशमन सिलेंडर को जमीन पर उल्टा पटका इसी के साथ तेज धमाका हुआ और सिलेंडर फट गया। सिलेंडर के टुकड़े जवान की छाती में लगे। अधिकारी और साथी जवान उसे गंभीर हालत में भरतपुर के मुखर्जी नगर स्थित एक निजी नर्सिंग होम लेकर गये, जहां उपचार के दौरान देर रात अग्निवीर जवान सौरभ ने दम तोड़ दिया। सौरभ एक साल पहले 26 अगस्त 2023 को अग्निवीर योजना के तहत भारतीय सेना में भर्ती हुए थे।



# केन्द्रीय वन मंत्री ने 12 करोड़ रुपये की लागत के एसटीपी अपग्रेडेशन कार्य का किया लोकार्पण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव एवं वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने शनिवार को 12 करोड़ रुपये की लागत से अलवर के रामगढ के अग्यारा स्थित एसटीपी प्लांट के अपग्रेडेशन कार्य का लोकार्पण किया। केन्द्रीय वन मंत्री ने कहा कि एसटीपी व ठोस कचरा प्रबन्ध संयंत्र के वर्षो से बन्द होने व आस पास के निवासियों को हो रही परेशानियों के संबंध इस विषय के संज्ञान में आने पर इनको प्राथमिकता पर लिया।

अब स्थानीय निवासियों को दुर्गन्ध से मुक्ति मिलने के साथ सिंचाई आदि के लिए पानी की उपलब्ध होगा। उन्होंने ठोस कचरा प्रबन्धन संयंत्र का निरीक्षण कर नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि नागपुर के नगर निगम द्वारा संचालित ठोस कचरा प्रबन्धन संयंत्र की तर्ज पर इसे संचालित कराने हेतु अलवर नगर निगम की संयंत्र संचालन फर्म रोल्स मैटेरियल के प्रतिनिधियों को नागपुर विजिट करावे। इस दौरान उन्होंने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने कहा कि अलवर शहर के सीवरेज के पानी के ट्रीटमेंट एवं ठोस कचरे के निस्तारण के दोनों संयंत्र लम्बे समय से बन्द थे। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव को साधुवाद देते हुए कहा कि उनके प्रयासों से एसटीपी का अपग्रडेशन कार्य व बन्द ठोस कचरा प्रबन्धन संयंत्र रिकॉर्ड समय में पुनः प्रारम्भ हो सका। उन्होंने कहा कि अलवर जिले के चहुँमुखी विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ केन्द्र व राज्य सरकार कार्य कर रही है।

जिला कलक्टर डॉ. अर्तिका शुक्ला ने बताया कि नगर विकास न्यास द्वारा कुल 12 करोड़ रुपये की राशि से एसटीपी के अपग्रडेशन कार्य हुआ है। जिसमें निर्माण लागत 8.64 करोड़ रुपये एवं एसटीपी के 10 वर्ष तक ऑपरेशन एवं मैनटिनेंस हेतु 3.17 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया है। एसटीपी से अब शोधित पानी 20 बीओडी से घटकर 10 बीओडी हो जाएगा। जोकि दुर्गन्ध रहित होगा तथा उसका उपयोग सिंचाई आदि कार्यो में हो सकेगा। उन्होंने बताया कि समन्वय स्थापित कराकर ठोस कचरा प्रबन्धन संयंत्र को नगर निगम के संवेदक रोल्स मैटेरियल हैंडलिंग सिस्टम प्रा. लि. द्वारा कार्य प्रारम्भ कराया गया है। यहां स्थापित मशीनरी की क्षमता 300 टन कचरे के निस्तारण की है।

नगर विकास न्यास की सचिव सुधीगदे स्नेहल नाना ने बताया कि कार्यकारी एजेन्सी यूआईटी द्वारा संवेदक फर्म मै. जियो मिलर एण्ड को.प्रा.लि. के द्वारा एसटीपी के अपग्रडेशन कार्य कराया जाकर आज नगर निगम अलवर को संचालन कराये जाने हेतु हैण्डओवर किया गया। उन्होंने बताया कि पुराने संयंत्र को अपग्रेड किया गया है जिससे अब ट्रीटेड पानी 20 बीओडी जगह 10 बीओडी की गुणवत्ता का मिलेगा।

उन्होंने बताया कि इसके लिए ऐरियेशन टैक बनाया गया है जिसमें प्रथम चरण में पानी का शोधन प्रारम्भ होगा और जहां पानी 20 बीओडी से 13 से 14 बीओडी की रेंज में आएगा। इसके पश्चात 2 अन्य टैंकों में यह पानी जायेगा जिनके प्रत्येक टैंक में 6-6 पाइंट बनाये गये है जिनमें पाईथराईड पौधे जिसके अकोलापाम, केनानास आदि पौधे लगाये जाएगे जोकि पानी प्राकृतिक रूप से शोधित करते है। इसके उपरान्त अंतिम टैंक में पानी में क्लोरिन मिलाकर पानी को 10 बीओडी के स्तर पर लाया जावेगा। शोधित पानी को 5 लाख लीटर क्षमता के ओवर हैड टैंक में स्टोर होगा। जिसका उपयोग कृषि आदि में लिया जा सकेगा।

# रुक्मणी रियार ने 'राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट सम्मिट' की तैयारियों का किया निरीक्षण

जयपुर। दिसंबर में आयोजित होने वाली राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट की तैयारियों की समीक्षा के लिए नगर निगम ग्रेटर आयुक्त, श्रीमती रुक्मणी रियार ने विस्तृत निरीक्षण किया। आयुक्त ने एयरपोर्ट के टर्मिनल 2 से अपना दौरा प्रारंभ किया जिसके बाद सांगानेर एयरपोर्ट से बाईस गोदाम तक के मुख्य मार्गों का अवलोकन किया गया, जिसमें टर्मिनल 2 से पत्रिका गेट सर्कल, सांगानेर पुलिया, सांगानेर रोड, जेएलएन मार्ग, 22 गोदाम अंबेडकर सर्किल और टोंक रोड शामिल हैं।

श्रीमती रियार ने शहर की साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे समिट की तैयारियों में तेजी लाएं और सुनिश्चित करें कि सभी कार्य समय पर पूर्ण हों। उन्होंने निर्देश दिया कि सौंदर्य करण के लिए मुख्य मार्गों पर हैंगिंग प्लांट्स लगाए जाएं और सड़क किनारे के पौधों तथा पेड़ों की कटाईछंटाई की जाए।

दीवारों पर पेंटिंग, सार्वजनिक शौचालयों और लिटर बिन की सफाई, सड़क किनारे की सफाई और संकेत बोर्ड की मरम्मत सुनिश्चित करने के लिए भी कहा। फ्लाईओवर को अधिक आकर्षक बनाने हेतु चित्रकारी और लाईटिंग के भी निर्देश दिये।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने को कहा, ताकि 'राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट' की तैयारी में कोई कमी न रह जाए। निरीक्षण के दौरान शहर की सड़कों और सार्वजनिक स्थानों से निर्माण मलबे और अन्य अवशेषों को हटाने के लिए त्वरित कार्रवाई करने, अवैध एवं अस्थायी अतिक्रमणों को तुरंत हटाने, मुख्य मार्गों पर सभी स्ट्रीट लाइट्स को पूर्ण रूप से सुचारू करने के निर्देश दिये।

# '100 सिटीज' प्रोग्राम पर केन्द्र व राज्य सरकार, एडीबी और विश्व बैंक के अधिकारियों और विशेषज्ञों ने किया मंथन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। केन्द्र सरकार की बजट घोषणा के 100 सिटीज ग्राम पर केन्द्र व राज्य सरकार, एशियाई विकास बैंक (एडीबी) और विश्व बैंक के अधिकारियों, नीति निर्माताओं और विशेषज्ञों ने मंथन किया। दो से पांच अक्टूबर तक अपने राजस्थान दौरे के दौरान शहरी विकास के विभिन्न सेक्टर्स में संभावनायें तलाशी। यात्रा के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने जयपुर के होटल मैरीयट में आयोजित कार्यशाला में भाग लिया और फील्ड विजिट के उपरान्त सरकार के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठकें कर 100 सिटीज प्रोग्राम पर व्यापक विमर्श किया। शहरी पेयजल आपूर्ति, सीवरेज और ठोस कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में वर्तमान स्थिति, बेस्ट प्रेक्टिसेज और आने वाली चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला में भारत सरकार के आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय, राज्य सरकार के स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर, जोधपुर एवं अजमेर नगर निकाय के शीर्ष अधिकारीगण, जन. स्वा. अभि. विभाग, विभिन्न परियोजनाओं से जुडे अधिकारियों एवं विषय विशेषज्ञों ने भाग लिया। राजस्थान शहरी पेयजल, सीवरेज एवं आधारभूत निगम लिमिटेड द्वारा आयोजित कार्यशाला में शहरी पेयजल आपूर्ति में राजस्थान में आ रही चुनौतियों जैसे गैर राजस्व जल, अधिक विद्युत खर्च, साथ ही प्राप्त राजस्व व खर्च में भारी अंतर होने की चुनौतियों को देखते हुये प्रदेश के शहरी पेयजल तंत्र को सुदृढ करने की आवश्यकता पर जोर देते हुये जन. स्वा. अभि. विभाग के प्रमुख शासन सचिव भास्कर ए. सावंत ने कहा कि शहरी पेयजल आपूर्ति के संचालन एवं संधारण के लिये आवश्यक है कि सूचना प्रौद्योगिकी व सौर ऊर्जा का समावेशन कर इस तंत्र को सुदृढ किया जाये।

# असंवैधानिक तरीके से काम कर रहे हैं पीएसी प्रमुख वेणुगोपाल : निशिकांत दुबे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** संसद की लोक लेखा समिति (पीएसी) के सदस्य निशिकांत दुबे ने समिति के अध्यक्ष एवं कांग्रेस सांसद के सी वेणुगोपाल पर केंद्र सरकार को बदनाम करने और देश के वित्तीय ढांचे तथा अर्थव्यवस्था को अस्थिर करने के लिए बेबुनियाद मुद्दे उठाने का आरोप लगाया है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद दुबे ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को वेणुगोपाल के खिलाफ पत्र लिखकर आरोप लगाया कि वह अपने पद का दुरुपयोग कर रहे हैं और देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने के लिए एक 'टूल किट' के हिस्से के रूप में काम कर रहे हैं। दुबे ने वेणुगोपाल पर यह आरोप ऐसे समय में लगाए हैं जब ऐसी खबरें सामने आई हैं कि समिति सेबी की अध्यक्ष माधबी पुरी बुच को तलब कर सकती है, जिन पर अमेरिकी कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा पेशेवर अनियमितता के आरोप लगाए गए हैं। इस बीच, पीएसी ने देश के शीर्ष नियामक प्राधिकरणों के कामकाज की समीक्षा करने का निर्णय लिया है तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) और भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) के प्रमुखों को 24 अक्टूबर को बुलाया है।

दुबे ने नौ सितंबर को वेणुगोपाल के कथित 'असंवैधानिक और तिरस्कारपूर्ण' आचरण के खिलाफ बिरला को पत्र लिखा था। संयोगवश, पीएसी ने चार अक्टूबर को



निर्णय लिया कि बुच को 24 अक्टूबर को बयान दर्ज करने के लिए बुलाया जाए।

दुबे के कड़े शब्दों वाले पत्र से यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि समिति में बहुमत में मौजूद सत्तारूढ़ भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सदस्य नियामक को मुश्किल में डालने के वेणुगोपाल के किसी भी कदम का विरोध कर सकते हैं। दुबे ने दावा किया कि लोकसभा चुनावों के जरिए देश के मतदाताओं द्वारा कांग्रेस को विपक्ष में बैठने के लिए 'मजबूर' किए जाने के बाद समिति के अध्यक्ष को ऐसा करने की राजनीतिक प्रेरणा मिल रही है। कांग्रेस नेता वेणुगोपाल ने दुबे के इन आरोपों को लेकर अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। दुबे ने कहा कि दुनिया के विभिन्न देश, जो भारत के विकास को पचा नहीं पा रहे हैं, उन्होंने सेबी जैसे महत्वपूर्ण संगठनों को भ्रष्ट बताकर भारत की वित्तीय संरचना और अर्थव्यवस्था पर हमला करके इसे बदनाम करने के लिए एक 'टूल किट' तैयार किया है। उन्होंने दावा किया कि हिंडनबर्ग जैसी विदेशी कंपनी द्वारा बुच के खिलाफ लगाए गए अपुष्ट आरोप इसी अभियान का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि इस 'टूलकिट' का 'इंडिया चैप्टर' सक्रिय हो गया है।

दुबे ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को लिखे अपने पत्र में कहा, ''इसने अपनी ताकत का इस्तेमाल किया, जैसा कि वर्तमान में लोक लेखा समिति के अध्यक्ष के रूप में के.सी. वेणुगोपाल द्वारा किया जा रहा है, ताकि सरकार को और अधिक बदनाम किया जा सके तथा हमारी अर्थव्यवस्था की वित्तीय संभावनाओं को नुकसान पहुंचाया जा सके। इस बार भी, सेबी प्रमुख के खिलाफ हिंडनबर्ग रिसर्च नामक एक विदेशी संस्था द्वारा अपुष्ट आरोप लगाए गए हैं, जो देश के व्यापारिक घरानों, महत्वपूर्ण पदाधिकारियों और वित्तीय संस्थानों को निशाना बनाने के लिए कुख्यात है।'' भाजपा नेता ने वेणुगोपाल पर 'सेबी प्रमुख के खिलाफ समिति द्वारा जांच की घोषणा करने का असंवैधानिक और तिरस्कारपूर्ण कार्य' करने का भी आरोप लगाया, जो संवैधानिक प्रावधानों के विरुद्ध है तथा संसदीय नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है।



## बिहार विधानसभा चुनाव में राजग के लिए 220 से अधिक सीट जीतने का लक्ष्य : नीतीश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पटना/भाषा।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को जनता दल यूनाइटेड (जदयू) से कहा कि वह अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के लिए 200 से अधिक सीट जीतने का प्रयास करें।

जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने पार्टी की राज्य कार्यकारिणी की बैठक में नीतीश कुमार द्वारा दिए गए '45 मिनट के भाषण' की जानकारी मीडिया को देते हुए यह खुलासा किया।

झा ने कहा, ''मुख्यमंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं से लोगों तक पहुंचने और सरकार द्वारा किए गए अच्छे कामों को बताने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को याद दिलाया कि राजग ने 2010 में 243 में से 206 सीट जीती थीं और 2025 के लिए 220 का लक्ष्य दिया है।''

उल्लेखनीय है कि 2010 के विधानसभा चुनाव में जदयू ने 115 सीट जीती थीं, जबकि भाजपा ने 91 सीट जीती थीं, जो दोनों दलों का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था।

## पटना में जद(यू) कार्यालय के बाहर नीतीश को भारत रत्न देने की मांग वाले पोस्टर लगे

**पटना/भाषा।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न दिए जाने की मांग करते हुए जनता दल (यूनाइटेड) ने शनिवार को राजधानी पटना में कई स्थानों पर पोस्टर लगाए। ऐसा ही एक पोस्टर बीरचंद पटेल मार्ग स्थित जद(यू) कार्यालय के प्रवेश द्वार के ठीक बगल में देखा गया, जहां संयोग से पार्टी प्रमुख नीतीश कुमार राज्य कार्यकारिणी की बैठक में भाग ले रहे थे। जद(यू) के एक नेता ने पहचान गुप्त रखे जाने की शर्त पर कहा, ''हम यह नहीं कह सकते कि भारत रत्न की मांग जद(यू) का आधिकारिक रुख है। हो सकता है, विनम्रता के रुख कारण हमारे नेता इस तरह के अति उत्साह पर शायद त्योरियां चढ़ाएं । लेकिन, पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता का दिल से यह मानना है कि नीतीश कुमार देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान के हकदार हैं।''

## फतेहपुर में बारूद की आग से झुलसकर पटाखा फैक्टरी संचालक और उसके बेटे की मौत

**बांदा (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश में फतेहपुर जिले के असोथर थाना क्षेत्र में एक पटाखा फैक्टरी के संचालक और उसके नाबालिग बेटे बारूद में आग लग जाने से झुलस गये और उपचार के दौरान उनकी मौत हो गयी। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी शनिवार को दी। फतेहपुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) धवल जायसवाल ने शनिवार को बताया कि खागा कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले चांद बाबू (42) की असोथर थाना क्षेत्र के सातों धर्मपुर गांव में लाइसेंसी पटाखा फैक्टरी है। शुक्रवार की शाम पटाखा बनाने का काम बंद कर वह अपने 15 साल के बेटे आशियान के साथ पटाखा बनाने में इस्तेमाल होने वाली बारूद लगी रस्सी (डोरी) को खेतों में जाकर लोहे के औजार से काट रहे थे।

## असम की नवीन योजनाओं को अन्य राज्यों द्वारा अपनाया जा रहा है : हिमंत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**गुवाहाटी/भाषा।** मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को कहा कि एक छोटा राज्य होने के बावजूद, असम अन्य राज्यों को रास्ता दिखा रहा है जो यहां भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न नवीन योजनाओं को अपना रहे हैं।

यहां कामरूप (महानगर) जिले के अंतर्गत तीन सह-जिलों के गठन के मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि असम सह-जिलों की अवधारणा को क्रियान्वित करने वाला पहला राज्य है, जो प्रशासन को लोगों के दरवाजे तक ले जाकर जमीनी स्तर पर शासन में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। उन्होंने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि अगले चार-पांच वर्षों में देश के अन्य राज्य भी इस अवधारणा को अपना लेंगे, हालांकि वे इसे अलग-अलग नाम देंगे। शर्मा ने कहा कि इससे पहले असम का प्रशासनिक तंत्र पश्चिम बंगाल और अन्य विकसित राज्यों की तर्ज पर था क्योंकि ब्रिटिश इस क्षेत्र पर एक ही प्रशासनिक इकाई के रूप में शासन करते थे, लेकिन अब हमने कई ऐतिहासिक योजनाएं अपनायी हैं जो अन्य राज्यों को प्रेरित कर रही हैं। उन्होंने बताया कि महिला लाभार्थियों के लिए 'ओरुनोडोई' जैसी योजनाओं और शिक्षा विभाग के समर्थ पोर्टल ने अन्य राज्यों के बीच रुचि पैदा की है और कई प्रतिनिधिमंडल इन्हें विस्तार से समझने के लिए असम आ रहे हैं, ताकि इन्हें उनके राज्यों में अपनाया जा सके। उन्होंने कहा, सह-जिले प्रशासन के केंद्र होंगे जो लोगों को परेशानी मुक्त तरीके से सरकारी सेवाएं प्रदान करेंगे और प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में असम में 35 जिले हैं और लोग नियमित रूप से अधिक जिलों और उप-मंडलों के निर्माण की मांग करते रहे हैं।

## 'जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव नतीजों के भाजपा के साथ गठबंधन की संभावना नहीं'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**श्रीनगर/भाषा।** नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद उनकी पार्टी सरकार बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से कोई गठबंधन नहीं करेगी। अब्दुल्ला ने यहां 'पीटीआई वीडियो' से कहा, ''हम भाजपा के साथ नहीं जाएंगे। चुनाव में जो मत हमें मिले हैं वे भाजपा के खिलाफ हैं। मुस्लिमों को वे मुश्किल में डालते हैं, उनकी दुकानों, मकानों, मस्जिदों और विद्यालयों पर बुलडोजर चलाते हैं, आप समझते हैं कि हम उनके साथ जाएंगे?'' उन्होंने कहा कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव के दौरान एक भी मुस्लिम को प्रतिनिधित्व नहीं दिया और यहां तक केंद्रीय मंत्रिमंडल में एक भी मुस्लिम मंत्री नहीं है।

नेकां अध्यक्ष ने कहा, ''मेरा मानना है कि हमारे लोग भाजपा के लिए मतदान नहीं करेंगे। अगर वे (भाजपा के नेता) सोचते हैं कि सरकार बना लेंगे तो वह ख्याली दुनिया में हैं।'' नेकां ने शुक्रवार को कहा था कि जम्मू-कश्मीर में सरकार बनाने को लेकर उनकी पार्टी 'इंडिया' गठबंधन के सदस्यों के अलावा किसी के संपर्क में नहीं है।





## बंगाल में लड़की का शव मिला, स्थानीय लोगों ने पुलिस चौकी फूंकी, वाहनों में की तोड़फोड़

**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में शनिवार को 10-वर्षीय एक लड़की का शव मिला, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने वहां एक पुलिस चौकी में आगजनी करने के अलावा वाहनों में तोड़फोड़ भी की। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शुक्रवार शाम से लापता नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या कर दी गई तथा पुलिस ने उनकी शिकायत पर तत्काल कार्रवाई नहीं की। जयनगर इलाके की दलदली भूमि से शनिवार सुबह स्थानीय लोगों ने जैसे ही लड़की का शव बरामद किया, भीड़ ने पुलिस चौकी में आग लगा दी और पुलिसकर्मियों पर पथराव किया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि स्थानीय लोगों ने चौकी के बाहर खड़े कई वाहनों में तोड़फोड़ भी की और पुलिसकर्मियों को परिसर छोड़ने पर मजबूर कर दिया। इलाके में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को भेजा गया और एसडीपीओ एवं अन्य वरिष्ठ पुलिसकर्मियों को मौके पर ही रोकने की कोशिश कर रही भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे गए।

## नीतीश ने महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 का 'लोगो' और शुभंकर का अनावरण किया

**पटना/भाषा।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को यहां महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी-2024 के लिए 'लोगो' (प्रतीक चिन्ह) और शुभंकर का अनावरण किया जिसका आयोजन 11 से 20 नवंबर तक राजगीर में किया जाएगा। 'गुड़िया' नाम का शुभंकर बिहार के राज्य पक्षी गौरैया से प्रेरित है। हॉकी इंडिया और बिहार सरकार संयुक्त रूप से महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 का आयोजन कर रहे हैं जो नये राजगीर हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा। राज्य मंत्रिमंडल ने हाल ही में इसके लिए हॉकी इंडिया को 10 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। इस चैंपियनशिप में भारत, चीन, थाईलैंड, मलेशिया, दक्षिण कोरिया और जापान सहित छह देश भाग ले रहे हैं।



## लोगों को भयभीत कर शिवाजी महाराज के समक्ष शीश झुकाने का कोई औचित्य नहीं है: राहुल गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोल्हापुर/भाषा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि लोगों को भयभीत कर और देश के संविधान एवं संस्थानों को बर्बाद करके शिवाजी महाराज के समक्ष शीश झुकाने का कोई औचित्य नहीं है।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले में शिवाजी महाराज की प्रतिमा इसलिए गिरी, क्योंकि सत्ता में बैठे लोगों की मंशा और विचारधारा गलत थी। राहुल गांधी ने पश्चिमी महाराष्ट्र के कोल्हापुर शहर में मराठा साम्राज्य के संस्थापक शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया। गांधी ने कहा, ''लोगों को भयभीत करने तथा देश में संविधान और संस्थानों को बर्बाद करने के बाद शिवाजी महाराज के समक्ष शीश झुकाने का कोई औचित्य नहीं है। ''

कांग्रेस नेता की टिप्पणी स्पष्ट रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निशाना बनाकर की गई, जिन्होंने शिवाजी महाराज और उनकी प्रतिमा ढहने से आहत लोगों से माफी मांगी थी। प्रधानमंत्री मोदी ने 30 अगस्त को महाराष्ट्र दौरे के दौरान कहा था, ''छत्रपति शिवाजी महाराज सिर्फ एक नाम या राजा नहीं हैं। हमारे लिए वह हमारे आराध्य हैं। आज मैं उनके चरण में शीश रखकर अपने आराध्य से माफी मांगता हूं।'' प्रधानमंत्री मोदी ने राजकोट किले में 35 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण चार दिसंबर 2023 को नौसेना दिवस के अवसर पर किया था। यह प्रतिमा इस वर्ष 26 अगस्त को ढह गई थी। गांधी ने कहा, ''देश में दो विचारधाराएं हैं। एक वह जो संविधान की रक्षा करती है, समानता और एकता की बात करती है। यह शिवाजी महाराज की विचारधारा है। दूसरी विचारधारा वह है जो संविधान को बर्बाद करने पर तुली है।''

## हमने अपना धैर्य खो दिया है : उच्चतम न्यायालय ने प्रवासी श्रमिकों को राशन कार्ड में देरी पर कहा

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने प्रवासी श्रमिकों को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा राशन कार्ड मुहैया करने में देरी को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि ''हमने अपना धैर्य खो दिया है।''

न्यायमूर्ति सुधांशु धुलिया और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानउल्लाह की पीठ ने केंद्र, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 19 नवंबर तक इस सिलसिले में आवश्यक कदम उठाने का अंतिम मौका दिया है। पीठ ने कहा, ''हमने अपना धैर्य खो दिया है, हम यह पूरी तरह से स्पष्ट कर रहे हैं कि और उदारता नहीं बरती जाएगी।''

न्यायालय ने कहा, ''हम आपको हमारे आदेश का पालन करने के लिए एक आखिरी मौका दे रहे हैं, अन्यथा आपके सचिव को उपस्थित होना होगा।'' केंद्र की ओर से पेश हुईं अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने पीठ को बताया कि अंत्योदय अन्न योजना के तहत प्राथमिकता वाले प्रत्येक परिवार को केवल एक राशन कार्ड जारी किया जाता है।

शीर्ष अदालत कोविड महामारी के दौरान प्रवासी मजदूरों को पेश आईं समस्याओं और दशा का संज्ञान लेने के बाद, 2020 में दर्ज स्वत: संज्ञान वाले एक मामले की सुनवाई कर रही है।

## अमेठी में शिक्षक समेत चार लोगों की हत्या का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अमेठी/रायबरेली (उप्र)/ भाषा।** उत्तर प्रदेश के अमेठी में एक दलित परिवार के चार सदस्यों की हत्या का आरोपी शनिवार तड़के पुलिस के साथ मुठभेड़ में पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, यह घटना उस समय हुई जब शिवरतनगंज थाने के उपनिरीक्षक मदन कुमार सिंह आरोपी चंदन वर्मा की निशानदेही के आधार पर नहर पटरी के पास मिली पिस्तौल अपने कब्जे में ले रहे थे। पुलिस ने एक बयान में कहा कि जब सिंह पिस्तौल और उसकी मैगजीन का निरीक्षण कर रहे थे तभी आरोपी वर्मा ने सिंह की पिस्तौल छीन ली और जान से मारने की नीयत से उन पर गोली चला दी। बयान में कहा गया कि इसके बाद पुलिस निरीक्षक सच्चिदानंद राय ने बचाव में गोली चलाई, जो वर्मा के दाहिने पैर में लगी। आरोपी को शुक्रवार रात नोएडा में एक टोल प्लाजा के पास से गिरफ्तार किया गया था। वह दिल्ली भागने की फिराक में था। बयान के अनुसार, अमेठी के अहोरवा भवानी इलाके में सरकारी स्कूल शिक्षक सुनील कुमार (35), उनकी पत्नी पूनम (32) और दो बेटियों दृष्टि (छह) व सुनी (एक वर्ष) की बृहस्पतिवार शाम गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पूनम ने वर्मा पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए खिलाफ पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई थी। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल एक देसी पिस्तौल और काले रंग की एक 'एनफील्ड बुलेट' मोटरसाइकिल जब्त कर ली है। अमेठी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह ने कहा कि आरोपी वर्मा को तिलोई के स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल ले जाया गया। सीएमओ ने कहा, ''उसके दाहिने पैर में गोली लगी है और वह खतरे से बाहर है।''

## 'बदलाव के दिन' अपनी ताकत को पहचानें: विनेश फोगाट ने हरियाणा के मतदाताओं से कहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चंडीगढ़/भाषा।** कांग्रेस उम्मीदवार और ओलंपिक पहलवान विनेश फोगाट ने लोगों से अपनी ताकत पहचानने और हरियाणा विधानसभा चुनाव में शनिवार को मताधिकार का इस्तेमाल करने का आग्रह करते हुए कहा कि यह बदलाव का दिन है।

हरियाणा में सभी 90 विधानसभा सीटों के लिए शनिवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान हो रहा है। फोगाट जींद जिले की जुलाना सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं। चरखी दादरी जिले के बलाली में मतदान के बाद फोगाट ने कहा, हरियाणा के लोगों



को कांग्रेस से काफी उम्मीदें हैं। सभी को आकर अपना मत डालना चाहिए। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि बेरोजगारी, नशा और महिला सुरक्षा राज्य के सामने प्रमुख मुद्दे हैं। फोगाट ने कहा, हम आने वाले पांच सालों में सभी क्षेत्रों में काम करना चाहते हैं। आज बदलाव का दिन है, आज नई उम्मीद जगाने का दिन है। मैं हरियाणा के लोगों से अपील करती हूं कि वे अपने घरों से बाहर निकलें और अपनी ताकत को पहचानें। कांग्रेस प्रत्याशी ने यह भी कहा कि हरियाणा के लोग भारतीय जनता पार्टी के 10 साल के शासन से तंग आ चुके हैं और उन्होंने पार्टी पर किसानों और पहलवानों के खिलाफ अत्याचार करने का आरोप लगाया।

## चौथे नंबर के लिए आदर्श होंगी हरमनप्रीत : पूनम यादव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** लेग स्पिनर पूनम यादव का मानना है कि कप्तान हरमनप्रीत कौर बड़े शॉट खेलने की काबिलियत के कारण बल्लेबाजी क्रम में चौथे स्थान के लिए ज्यादा उपयुक्त हैं जबकि जेमिमा रोड्रिग्स तीसरे स्थान के लिए आदर्श होंगी। हरमनप्रीत न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरीं और उन्होंने 14 गेंद में 15 रन बनाए। भारतीय टीम शुक्रवार को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में 58 रन से हार गई।

टूर्नामेंट से पहले भारत के मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने संकेत दिया था कि हरमनप्रीत विश्व कप में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगी।



पूनम ने 'स्टार स्पोर्ट्स' प्रेस रूम में कहा, ''मैं जेमिमा को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए देखना पसंद करूंगी क्योंकि वह उस समय 'फील्ड' का उपयोग कर सकती हैं जब सिर्फ दो क्षेत्ररक्षक सर्कल के बाहर हों। हरमनप्रीत बड़े हिट लगाने के लिए बेहतर हैं जबकि जेमिमा एक या दो रन बनाने के लिए स्ट्राइक रोटेट कर सकती हैं और ढीली गेंदों का फायदा उठाकर उन्हें चौके या छक्के में बदल सकती हैं। ''

टीम से बाहर चल रही इस स्पिनर ने कहा, ''तीसरा नंबर एक अहम स्थान है इसलिए जेमिमा को वहां और हरमनप्रीत को चौथे नंबर पर रखना आदर्श होगा क्योंकि आपको एक अच्छे फिनिशर के साथ बड़े शॉट लगाने वाले खिलाड़ी की जरूरत होती है। ''

## सुविचार

आप अपने जीवन में तब तक कमाओ, जब तक महंगी चीजे सस्ती न लगने लगे!

## ट्वीट

बहुत उत्साहवर्धक उपलब्धि! खादी की ब्रिकी का यह नया रिकॉर्ड बताता है कि देशवासियों के बीच स्वदेशी को लेकर रुझान किस तेजी से बढ़ रहा है। मुझे खुशी है कि यह भावना खादी से जुड़े हमारे कारीगर भाई-बहनों के जीवन को भी आसान बनाने में बहुत मददगार बनी है।

-मदन राठौड़



हरियाणा की सभी विधानसभा सीटों के लिए आज मतदान का दिन है। हरित भूमि के समस्त मतदाताओं से मेरा आग्रह है कि वे लोकतंत्र के इस उत्सव में पूरी ऊर्जा एवं उत्साह के साथ भाग लें। इस अवसर पर पहली बार वोट देने वाले राज्य के सभी युवाओं को मेरी विशेष शुभकामनाएं।

-राजनाथ सिंह



## कहानी

# सम्पर्क की अहमियत



**बुजुर्ग द्वारा कही गई बातें सुनकर और उन सभी अनजान बुजुर्गों के चेहरे देखकर राजन उसकी मां और नेहा की आंखों से आंसू बह निकले। उन्हे समय के साथ घर के बुजुर्गों से नियमित सम्पर्क और संवाद की अहमियत समझ आ गई थी। जिन मैसेज के रोजाना आपसी आदान प्रदान को वो समय की बर्बादी समझते थे, उन्ही मैसेज के कारण बाबूजी की जान बच गई थी।**

ऑफिस की सालाना मीटिंग में पेश की जाने वाली रिपोर्ट को तैयार करने के लिए राजन घर से समय से पहले निकल गया था। इसके बावजूद शहर की सड़कों की खस्ता हालत और जगह-जगह ट्रैफिक जाम के कारण ऑफिस देर से पहुंचने पर राजन को अपने बॉस और सहकर्मियों के सामने शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा था। घड़ी में सुबह के साढ़े आठ बजे थे जबकि उसे आज आठ बजे पहुंचना था। बॉस ने उसे वक़्त की अहमियत समझने के लिए कहा। ऐसा नहीं था कि यह उसके साथ अक्सर होता था लेकिन पिछले कुछ दिनों से यह सिलसिला जारी था। माथे से टपकती पसीने की बूंदें और चेहरे के भाव उसकी मनोस्थिति को बयाँ कर रहे थे। अपना काम शुरु करने के बाद लगभग दस बजे से ही मोबाइल फोन पर अलग-अलग फोन नम्बर से लगातार आ रही कॉल और व्हाटसएप्प मैसेज से वह परेशान हो उठा था। इन अनजान नम्बरों की कॉल को उसने एक बार भी रिसीव नहीं किया और न ही मैसेज पढ़े थे। वह जानता था कि हर वर्ष की भांति इस महीने में ज्यादातर बीमा कंपनियां अपनी विभिन्न बीमा योजनाएं और अन्य ऑटोमोबाइल कंपनियां अलग-अलग योजना और लाभ के साथ अपने वाहन बेचने के फोन कॉल मोबाइल पर करते थे। इन कॉल्स और मैसेज के बारे में भी वह ऐसा ही समझ रहा था कि इन लोगों को समय की अहमियत ही नहीं पता। अनजान लोगों को कॉल कर या मैसेज भेजकर उनका समय बर्बाद करते थे।

वह सोचने लगा कि इस तरह की कॉल्स पर उसके बाबूजी बहुत खुश होकर बात करते है। हालांकि सत्तर वर्ष से अधिक आयु होने के बाद उन्हे इन योजनाओं या लाभ के प्रस्तावों से कोई मतलब नहीं है। उनसे तरह-तरह के सवाल जवाब करते हैं। कभी -कभी खुद अपनी सलाह देने से भी नहीं चूकते। रोजाना सुबह बाबूजी अपने हमउम्र मित्रों से व्हाटसएप्प पर संदेशों का आदान प्रदान करते हैं।कई बार उनसे बातचीत भी करते हैं। चुस्त दुरुस्त बाबूजी बिल्डिंग के सामने बने पार्क में मॉर्निंग वॉक के लिए नियमित रूप से जाते हैं। उन्हे देखकर और मिलकर कोई यह अंदाजा भी नहीं लगा सकता कि वो सत्तर वर्ष से अधिक उम्र के हैं। अक्सर मित्रों द्वारा भेजे गए पुरानी फिल्मों के गानों के वीडियो देखते और सुनते रहते हैं। मोबाइल फोन पर व्हाटसएप्प के जरिये उन्होंने अपनी अलग ही दुनिया बना रखी है जिसमें वो खुश रहते हैं। वह बाबूजी के इन मित्रों को नहीं जानता। सभी शायद आस-पास के फ्लैटस या बिल्डिंग्स में रहने वाले ही होंगे। बाबूजी को वह अक्सर मोबाइल फोन पर व्यस्त ही देखता है। शाम का समय घर पर वे बच्चों के साथ गुजारते हैं। खुद उसको व्हाटसएप्प पर गुड मॉर्निंग ,गुड इवनिंग और गुड नाईट जैसे मैसेज से सख्त नफरत है। रोज मोबाइल पर इस तरह के सैकड़ों मैसेज आते हैं।काम के मैसेज के अलावा रोज इस तरह के मैसेज को डिलीट करने में उसका बहुत वक़्त बर्बाद होता है। बाबूजी रिटायरमेंट की ज़िंदगी आराम से जी रहे हैं। वक़्त की उनके पास कोई कमी नहीं है। राजन और उसकी पत्नी नेहा के ऑफिस, बच्चों के स्कूल चले जाने और मां के अपनी समाजसेवा की गतिविधियों में व्यस्त रहती है। बाबूजी रात को शायद सारे मैसेज देखने के बाद सोते हैं। घर बैठे समय व्यतीत करने का उन्हे सोशल मीडिया का यह बढ़िया साधन मिल गया है।

वह यह सब सोच ही रहा था कि उसने देखा कि उसके मोबाइल पर एक एसएमएस आया हुआ था कि दिए गए नम्बर पर तुरंत सम्पर्क करें।उसने इसे जब ध्यान से पढ़ा तो एक ही नम्बर से कई बार यह मैसेज लगातार आया हुआ था। एक बार फिर से जब वही मैसेज उसी नम्बर से आया तो उसने उस नम्बर पर फोन किया। फोन रिसीव करने वाले ने उसे तुरंत मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल कार्डियोलॉजी आई सी यू में आने के लिए कहा। इससे पहले वह कुछ पूछता कि क्यों या कैसे ,फोन पर सम्पर्क टूट गया।उसने उस नम्बर पर सम्पर्क करने की बहुत कोशिश करी लेकिन सब बेकार गई। वह समझ ही नहीं पा रहा था कि यह व्यक्ति कौन था और उसे हॉस्पिटल क्यों बुला रहा था? वह फिर से अपने काम में लग गया।लेकिन काम में उसका मन नहीं लग रहा था। उसने एक बार फिर उसी नम्बर पर फोन किया। फोन रिसीव करने वाले ने उसे केवल इतना बताया कि राजन के पिता हॉस्पिटल में कार्डियोलॉजी आई सी यू में भर्ती थे और उसे तुरंत आने के लिए कहा। यह सुनते ही मानो उसके चेहरे का रंग ही बदल गया। उसने हिम्मत करके अपनी मां और नेहा को इसकी जानकारी दी। उन्हे भी बाबूजी की बीमारी के बारे में कुछ नहीं पता था। बच्चों के स्कूल जाने के बाद सुबह नौ बजे नेहा ऑफिस और मां अपनी समाजसेवा की मीटिंग में जाने के लिए घर से साथ ही निकले थे। बाबूजी उस समय घर पर भले चंगे बैठे अखबार पढ़ रहे थे और कामवाली बाई सुमन घर का काम कर रही थी। उसने नेहा और मां को सुमन से बात कर सीधे हॉस्पिटल पहुंचने का कहा और खुद भी अपने बॉस को पूरी बात बताकर रवाना हो गया।

ऑफिस से हॉस्पिटल के रास्ते में उसके दिमाग में कई तरह की आशंकाएं और सवाल जन्म लेने लगे। बाबूजी को तो आज तक कभी कोई बीमारी ही नहीं हुई , फिर अचानक आज ये क्या हो गया? अभी वो किस हालत में होंगे? जिस व्यक्ति ने उसे फोन किया वो कौन था? वह व्यक्ति बाबूजी को कैसे जानता था? जिन अनजान नम्बरों से उसके पास कॉल्स आईं वो व्यक्ति कौन थे? इस तरह के अनेक सवालों के भंवर में डूबते हुए उसे कोई जवाब नहीं सूझ रहा था। उसने सुमन को फोन लगाकर पूछा तो उसने बताया कि वह सुबह लगभग साढ़े नौ बजे घर का काम पूरा करके बाबूजी को घर का दरवाजा अंदर से बंद करने का कह कर आई थी। बाबूजी उस समय अखबार पढ़ रहे थे। इससे ज्यादा उसे कुछ नहीं पता था।

वह हॉस्पिटल पहुंचते ही तेज कदमों से सीधा कार्डियोलॉजी आई सी यू पहुंचा। आई सी यू के बाहर बाबूजी की उम्र के लगभग तीस चालीस बुजुर्ग खड़े थे। वह नहीं जानता था कि वे लोग कौन थे और वहां क्यों खड़े थे। अंदर जाकर उसने बाबूजी का नाम बताकर उनके बारे में जानना चाहा तो वहां मौजूद नर्सिंग स्टाफ ने उसे बाबूजी का बेड नम्बर बता दिया।वहां गया तो देखा कि आंखें बंद किए बेड पर लेटे बाबूजी के ड्रिप चढ़ रही थी और ऑक्सीजन मास्क लगा था। बेड के पास कुर्सी पर एक बुजुर्ग बैठे थे। यह देखकर उसकी आंखों से आंसू बहने लगे। इससे पहले की वह कुछ बोलता उन बुजुर्ग ने धीमे स्वर में उसे बाहर चलने के लिए कहा। बाहर आकर उन बुजुर्ग ने दूसरे एक बुजुर्ग को राजन के बाबूजी के पास जाकर बैठने के लिए कहा। कुछ ही देर में मां और नेहा भी वहां पहुंच गए थे।

राजन ने अपना परिचय देते हुए बाबूजी के स्वास्थ्य के बारे में उन बुजुर्ग से जानकारी ली। बाबूजी को दिल का दौरा पड़ा था। समय पर इलाज शुरू हो जाने से अब उनकी स्थिति खतरे से बाहर थी। यह सुनते ही राजन का शरीर कांपने लगा।किसी तरह खुद को संभालकर कुछ देर बाद उसने जब उन अनजान बुजुर्गों के बाबूजी के साथ संबंध के बारे में जानना चाहा तो एक बुजुर्ग ने बताया कि वहां खड़े सत्तर वर्ष से ज्यादा आयु के बुजुर्गों ने मिलकर एक व्हाटसएप्प ग्रुप बनाया हुआ है। जिसमें आस-पास की बिल्डिंग या सोसाइटी के फ्लैटस में रहने वाले साठ लोग इसके सदस्य हैं। इसमें छह एडमिन हैं। हर एडमिन सीधे तौर पर दस सदस्यों के सम्पर्क में रहता है और उसके पास उन सदस्यों के घर के किसी एक व्यक्ति का मोबाइल नंबर भी होता है। ताकि कभी जरुरत पड़ने पर उससे सम्पर्क किया जा सके। तुम्हारे बाबूजी ने तुम्हारा नम्बर दिया हुआ है। हर सदस्य को ग्रुप में रोजाना सुबह साढ़े नौ बजे तक सुप्रभात ,दोपहर दो बजे शुभ दोपहर और शाम को साढ़े छह बजे तक सुसंध्या का मैसेज ग्रुप में भेजना जरुरी होता है। एडमिन उनको रिपोर्ट कर एक मैसेज भेजता है कि उनके सुप्रभात ,शुभ दोपहर और सुसंध्या के सारे मैसेज उसको प्राप्त हो गए हैं। यदि एडमिन को किसी एक सदस्य का इनमें से कोई मैसेज नहीं मिलता है तो वह बाकी के सदस्यों को, जो उस सदस्य के नजदीक रहते हैं, इस बारे मे सूचित करता है। फिर वे सदस्य मैसेज नहीं भेजने वाले सदस्य को फोन कर या घर जाकर उससे मिलते हैं और कारण जानते हैं।

उस दिन राजन के बाबूजी ने व्हाटसएप्प ग्रुप में सुप्रभात का मैसेज पोस्ट नहीं किया तो एडमिन ने दूसरे सदस्यों को इस बारे में सूचना दी। बाबूजी का मोबाइल फोन भी जब नो रिप्लाई आया तो सुबह लगभग पौने दस बजे ग्रुप के पांच सदस्य राजन के घर गए। वहां जाकर उन्होंने देखा कि घर का मुख्य दरवाजा थोड़ा सा खुला था। डोर बेल बजाने पर जब अंदर से कोई जवाब नहीं आया और न ही कोई व्यक्ति आया, तब सदस्यों ने घर के अंदर जाकर देखा कि राजन के बाबूजी कुर्सी पर बेहोश पड़े थे। उनके एक हाथ में अखबार था। सभी सदस्य तुरंत उन्हें यहां हॉस्पिटल ले आए। यहां आने के बाद पता चला कि उन्हें दिल का दौरा पड़ा था। वक़्त पर उन्हें ग्रुप के सदस्यों द्वारा इलाज के लिए हॉस्पिटल लेकर आने से उनकी जिंदगी बचाई जा सकी।

तुम्हारे घर से हॉस्पिटल रवाना होने से पहले सभी ने मोबाइल पर तुमसे सम्पर्क करने का बहुत प्रयास किया, लेकिन तुमने फोन रिसीव ही नहीं किया। तुमने व्हाटसएप्प मैसेज पढ़ना तक जरुरी नहीं समझा। आपसी संपर्क और संवाद की महत्ता और आवश्यकता न जाने तुम जैसे लोगों के समझ में क्यों नहीं आती। आपस में सुप्रभात , शुभ दोपहर और सुसंध्या जैसे मैसेज भी अपनों से सम्पर्क में रहने और उनकी कुशलक्षेम जानने का सबसे बढ़िया साधन हैं।फिर भी तुम जैसे युवा इन मैसेज के आदान प्रदान और मोबाइल पर अनजान कॉल रिसीव करना अपना समय बर्बाद करना समझते हो। तुम्हे इनकी अहमियत ही नहीं पता। अगर समझो तो दुनिया में हर चीज की अहमियत है और कोई भी इसे दरकिनार नहीं कर सकता। ऐसा ही आज अपने साथ भी हुआ है। अक्सर तुम लोग नौकरी और काम के कारण दिन में घर से बाहर रहते हो। उस दौरान तुम लोगों को समय के नियत अंतराल से घर के बुजुर्गों से फोन पर या सोशल मीडिया पर सम्पर्क में रहना चाहिए। राजन तुम अपने बाबूजी के यहां भर्ती होने के दो घन्टे बाद आए हो। इस दरम्यान उन्हें कुछ हो जाता तो तुम लोगों का इंतजार करने के अलावा हम और कर भी क्या सकते थे।

बुजुर्ग द्वारा कही गई बातें सुनकर और उन सभी अनजान बुजुर्गों के चेहरे देखकर राजन उसकी मां और नेहा की आंखों से आंसू बह निकले। उन्हे समय के साथ घर के बुजुर्गों से नियमित सम्पर्क और संवाद की अहमियत समझ आ गई थी। जिन मैसेज के रोजाना आपसी आदान प्रदान को वो समय की बर्बादी समझते थे, उन्ही मैसेज के कारण बाबूजी की जान बच गई थी। बुजुर्गों की आत्मियता और एक दूसरे के प्रति समर्पण की भावना को देखते हुए कुछ कहने के लिए उनके गले से आवाज ही नहीं निकल रही थी। उनके द्वारा कहे जाने वाले सभी शब्द मौन हो गए थे।

सुधीर केवलिया
फोन नं. : 09413279217



## संजय उवाच

संजय भारद्वाज
9890122603
writersanjay@gmail.com



# सार्थक

जीवन मानो एक दौड़ है। जिस किसी से पूछो, कहता है; वह दौड़ना चाहता है, आगे बढ़ना चाहता है। फिर बताता है कि अब तक जीवन में कितना आगे बढ़ चुका है। अलबत्ता कभी विचार किया कि आगे यानी किस ओर बढ़ रहे हैं? मनुष्य प्रतिप्रश्न दागता है कि यह कैसा निरर्थक विचार है? स्वाभाविक है कि जीवन की ओर बढ़ रहे हैं। सच तो यह है कि प्रश्न तो सार्थक ही था पर मनुष्य का उत्तर नादानी भरा है। जीवन की ओर नहीं बल्कि मनुष्य मृत्यु की ओर बढ़ रहा होता है।

भयभीत या अशांत होने के बजाय शांत भाव से तार्किक विचार अवश्य करना चाहिए। मनुष्य चाहे न चाहे, कदम बढ़ाए, न बढ़ाए, पहुँचेगा तो मृत्यु के पास ही। मनुष्य के वश में यदि पीछे लौटना होता तो वह बार-बार लौटता, अनेक बार लौटता, मृत्यु तक जाता ही नहीं, फिर लौट आता, चिरंजीवी होने का प्रयास करता रहता।

स्मरण रखना, मृत्यु का कोई एक गंतव्य नहीं है, बल्कि यात्रा का हर चरण मृत्यु का स्थान हो सकता है, मृत्यु का अधिष्ठान हो सकता है। विधाता जानता है मनुष्य की वृत्ति, यही कारण है कि कितना ही कर ले जीव, पीछे लौट ही नहीं सकता। जिज्ञासा पूछती है कि लौट नहीं सकते तो विकल्प क्या है? विकल्प है, यात्रा को सार्थक करना।

सार्थक जीने का कोई समय विशेष नहीं होता। मनुष्य जब अपने अस्तित्व के प्रति चैतन्य होता है, फिर वह अवस्था का कोई भी पड़ाव हो, उसी समय से जीवन सार्थक होने लगता है।

एक बात और, यदि जीवन में कभी भी, किसी भी पड़ाव पर मृत्यु आ सकती है तो किसी भी पड़ाव पर जीवन आरंभ क्यों नहीं हो सकता? इसीलिए कहा है,

कदम उठे,
यात्रा बनी,
साँसें खर्च हुईं
अनुभव संचित हुआ,
कुछ दिया, कुछ पाया
अर्द्धचक्र पूर्ण हुआ,
भूमिकाएँ बदलीं-
शेष साँसों को
पाथेय कर सको
तो संचय सार्थक है
अन्यथा
श्वासोच्छवास व्यर्थ है..!

ध्यान रहे, जीवन में वर्ष तो हरेक जोड़ता है पर वर्षों में जीवन बिरला ही फूँकता है। आपका बिरलापन प्रस्फुटन के लिए प्रतीक्षारत है।

## बोध कथा

# व्यापारी का पतन और उदय

वर्धमान नामक शहर में एक कुशल व्यापारी रहा करता था। जब उस राज्य के राजा को उसकी कुशलता के बारे में पता चला, तो राजा ने उसे अपने राज्य का प्रशासक बना दिया। व्यापारी की कुशलता से आम व्यक्ति से लेकर राजा तक सभी बहुत प्रभावित थे। कुछ समय बाद व्यापारी की लड़की की शादी तय हुई। इस खुशी में व्यापारी ने बहुत बड़े भोज का आयोजन किया। इस भोज समारोह में उसने राजा से लेकर राज्य के सभी लोगों को आमंत्रित किया। इस समारोह में राजघराने में काम करने वाला एक सेवक भी आया, जो गलती से राज परिवार के सदस्यों के लिए रखी कुर्सी पर बैठ गया। उस सेवक को कुर्सी पर बैठा देख व्यापारी को बहुत गुस्सा आता है। गुस्से में व्यापारी उस सेवक का उपहास कर समारोह से भगा देता है। इससे सेवक को शर्मिंदगी महसूस होती है और वह व्यापारी को सबक सिखाने की ठान लेता है।

कुछ दिन बाद जब वह राजा के कमरे की सफाई कर रहा होता है, तो उस समय राजा कच्ची नींद में होता है। सेवक मौके का फायदा उठाकर बड़बड़ाना शुरू कर देता है। सेवक बोलता है, व्यापारी की इतनी हिम्मत, जो रानी के साथ दुर्व्यवहार करें। यह सुनकर राजा नींद से उठ जाता है और सेवक को कहता है, क्या तुमने कभी व्यापारी को रानी के साथ दुर्व्यवहार करते हुए देखा है। सेवक तुरंत राजा के पैरों में गिरकर उनसे माफी मांगने लगता है और कहता है, मैं रात में सो नहीं पाया, इसलिए मैं कुछ भी बड़बड़ा रहा हूं। सेवक की बात सुनकर राजा सेवक को कुछ नहीं बोलता, लेकिन उसके मन में व्यापारी के लिए शक पैदा हो जाता है।

इसके बाद राजा ने व्यापारी के राज महल में प्रवेश पर पाबंदी लगाकर उसके अधिकार को कम कर दिया। अगले दिन व्यापारी किसी काम से राज महल में आता है, तो उन्हें पहरेदार दरवाजे पर ही रोक देते हैं। पहरेदार का यह व्यवहार देखकर व्यापारी को आश्चर्य होता है। वहीं, पास में खड़ा राजा का सेवक जोर-जोर से हंसने लगता है और पहरेदार से कहता है, तुम्हें पता नहीं, तुमने किसे रोका है। यह बहुत ही प्रभावशाली व्यक्ति हैं, जो तुम्हें यहां से बाहर निकलवा सकते हैं। इन्होंने मुझे अपने भोज समारोह से निकलवा दिया था।

सेवक की उन बातों को सुनकर व्यापारी को सब समझ में आ जाता है और वह उस सेवक से माफी मांगता है। साथ ही वह उस सेवक को अपने घर दावत के लिए आमंत्रित करता है। व्यापारी ने सेवक को बड़े विनम्र भाव से भोज कराया और कहा कि उस दिन जो भी किया वह गलत था। व्यापारी से सम्मान पाकर सेवक खुश होता है और कहता है, आप परेशान न हो राजा से खोया हुआ सम्मान आपको जल्दी वापस दिलाऊंगा।

उसके अगले दिन राजा जब कच्ची नींद में होता है, तो सेवक कमरे की सफाई करते हुए फिर से बड़बड़ाने लगता है और कहता है, हे भगवान हमारे राजा इतने भूखे होते हैं कि गुसलखाने में स्नान करते हुए खीर खाते रहते हैं। इस बात को सुनकर राजा नींद से उठकर सेवक से क्रोध में कहते हैं, मूर्ख सेवक तुम्हारी इतनी हिम्मत कि तुम मेरे बारे में ऐसी बात करो। राजा के क्रोध को देखकर सेवक पैर में गिरकर माफी मांगता है और कहता है, महाराज, रात को मैं ठीक तरह से सो नहीं पाया, इसलिए कुछ भी बड़बड़ा रहा हूं। फिर राजा सोचने लगता है, अगर यह सेवक मेरे बारे में ऐसा बोल सकता है, तो उस व्यापारी के बारे में भी झूठ ही बोल रहा होगा। अगले ही दिन राजा ने व्यापारी को महल में बुलाया और उन्हें उनसे छीने हुए सभी अधिकार वापस दे दिए।



## वीर गाथा

# कर्नल मनप्रीत सिंहः भारत मां की पुकार सुनकर बने सैनिक, फर्ज के लिए माथे पर खाई गोली

कर्नल मनप्रीत सिंह का जन्म साल 1982 में पंजाब के अमृतसर में हुआ था। उनका परिवार मोहाली जिले के भरोंजियां से है। माता मनजीत कौर और पिता लखमीर सिंह के बहादुर बेटे मनप्रीत को सेना से प्रेम विरासत में मिला था। उनके पिता, चाचा और दादा भारतीय सेना में सेवाएं दे चुके हैं।

मनप्रीत ने स्कूली शिक्षा केंद्रीय विद्यालय से प्राप्त की थी। इसके बाद उन्होंने चंडीगढ़ से बीकॉम किया। वे चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) बन गए थे। उन्होंने बतौर सीए कुछ वर्षों तक काम भी किया। हालांकि उनके बचपन का सपना था सैनिक बनना। उन्हें भारत मां पुकार रही थी। इसी सिलसिले में साल 2004 में सीडीएस की परीक्षा दी और पास हो गए। वे साल 2005 में लेफ्टिनेंट बन गए थे। उन्हें 12 सिक्ख लाइट इन्फेंट्री में कमीशन मिला था।

बाद में उन्हें 19 राष्ट्रीय राइफल्स में भेज दिया गया, जो जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद विरोधी अभियान चला रही थी।

13 सितंबर, 2023 को कर्नल मनप्रीत सिंह अनंतनाग जिले के एक गांव की पहाड़ियों में सैन्य अभियान का नेतृत्व कर रहे थे। दरअसल सेना को उस इलाके में कुछ आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में पता चला था। आतंकवादियों ने जैसे ही उन्हें देखा, अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी थी। मनप्रीत ने अपनी जान की परवाह न करते हुए जवाबी गोलीबारी की। इससे एक आतंकवादी वहीं ढेर हो गया।

मनप्रीत ने अपनी सैन्य सूझबूझ से उन रास्तों का पता लगा लिया था, जहां से आतंकवादी भाग सकते थे। उन्होंने रास्तों को पहले ही बंद करवा दिया था। वहीं, आतंकवादियों पर दबाव बनाए रखने के लिए गोलियां चलाना जारी रखा। इसी दौरान एक गोली मनप्रीत के माथे पर लगी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। कर्नल मनप्रीत ने आगे बढ़कर जवानों का नेतृत्व किया। इससे एक और आतंकवादी धराशायी हो गया। अन्य आतंकवादी भी भागने के मंसूबों में विफल हो गए थे। कर्नल मनप्रीत सिंह ने बलिदान देकर अपना फर्ज निभाया। उन्हें असाधारण वीरता, अदम्य साहस और अनुकरणीय नेतृत्व के लिए कीर्ति चक्र से सम्मानित किया गया।



महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

मतदान



कांग्रेस नेता बजरंग पुनिया, अपनी पत्नी संगीता फोगट और अन्य लोगों के साथ शनिवार को झज्जर में हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान वोट डालने के बाद स्याही लगी उंगली दिखाते हुए।

## खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मुख्यमंत्री को इस्लामाबाद में गिरफ्तार किया गया : इमरान की पार्टी का दावा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने शनिवार को दावा किया कि खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर को उस समय गिरफ्तार कर लिया गया, जब वह पार्टी के विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए यहां पहुंचे। हालांकि, गंडापुर की गिरफ्तारी की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के संस्थापक इमरान खान ने विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था। खान एक साल से अधिक समय से रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। खान की पार्टी न्यायपालिका के साथ एकजुटता जताने और महंगाई के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रही है। खान की पार्टी पीटीआई के अनुसार, कई घंटों की लंबी यात्रा के बाद, प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे गंडापुर शनिवार दोपहर बाद इस्लामाबाद पहुंचे और पूर्व-निर्धारित विरोध स्थल डी-चौक के बदले केपी हाउस चले गए।

पार्टी ने एक व्हाट्सएप संदेश में कहा, केपी (खैबर पख्तूनख्वा प्रांत) के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर को इस्लामाबाद में केपी हाउस से गिरफ्तार कर लिया गया है। पार्टी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, रेंजर ने केपी हाउस में जबरदस्ती प्रवेश किया और मुख्यमंत्री गंडापुर को गिरफ्तार करने के प्रयास में आक्रामकता दिखायी। सत्ता का यह घोर दुरुपयोग बेहद शर्मनाक है, जो पाकिस्तान में अराजक स्थिति के बारे में गंभीर चिंता पैदा करता है।

उद्घाटन



आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू शनिवार को तिरुपति के तिरुमाला में केंद्रीकृत वकुलमाथा रसोई का उद्घाटन करते हुए।

# युद्ध की कगार पर पहुंचा पश्चिमी एशिया, ईरान पर हमला करने की इजराइल के पास वाजिब वजह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मेलबर्न। इजराइली हवाई हमलों में हमास और हिजबुल्ला नेताओं के मारे जाने के जवाब में ईरान ने जब इस सप्ताह इजराइल पर 180 से ज्यादा बैलिस्टिक मिसाइल दागीं तो कुछ लोग तेहरान की इस जोरदार प्रतिक्रिया को देखकर दंग रह गये। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजमिन नेतन्याहू ने तुरंत एक निश्चित समय पर कठोर जवाबी कार्रवाई की घोषणा की। उन्होंने कहा कि देर रात जब उनके सुरक्षा मंत्रिमंडल ने एक बैठक की तो उसमें तय हुआ कि जो कोई भी हम पर हमला करेगा, हम उस पर हमला करेंगे। बाइडन प्रशासन ने ईरान की आक्रामकता की कड़ी निंदा करते हुए इजराइल की रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। व्हाइट हाउस ने कहा कि ईरान को 'गंभीर परिणाम' भुगतने होंगे हालांकि राष्ट्रपति जो बाइडन ने ईरान के परमाणु केंद्रों पर हमले नहीं करने का आग्रह किया। इसलिए यह देखना जरूरी हो जाता है कि इजराइल की जवाबी कार्रवाई कैसी हो सकती है और क्या ईरान व इजरायल के बीच युद्ध की शुरुआत हो सकती है या फिर अमेरिका अपने वादे के अनुरूप इजराइल के लिए युद्ध में शामिल हो सकता है?

क्षेत्रीय युद्ध अब लगभग शुरू हो चुका है। लगभग एक वर्ष पहले गाजा में शुरू हुआ संघर्ष पूरे पश्चिम एशिया में फैल चुका है। इजराइल अपनी सीमा से दूर देशों और समूहों से लड़ रहा है, जिसके कई वैश्विक परिणाम भी हैं। इस सप्ताह ईरान द्वारा किये गये हमले से ये साफ है कि यह संघर्ष एक तरफ इजराइल व उसके पश्चिमी सहयोगियों और दूसरी तरफ रूस व चीन द्वारा समर्थित ईरान और उसके सहयोगियों के बीच सीधा टकराव बन गया है। वाशिंगटन ने इजराइल को सैन्य और कूटनीतिक सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है जबकि रूस ने ईरान को लड़ाकू विमान और वायु रक्षा तकनीक भेजने का वादा किया है। रूस, यूक्रेन के साथ अपने युद्ध के लिए ईरान से हथियार भी खरीद रहा है, जिससे तेहरान को बहुत जरूरी नकदी प्राप्त हो रही है।

# तिरुपति के लड्डूओं की गुणवत्ता में हुआ सुधारः नायडू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

तिरुपति (आंध्र प्रदेश)। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को कहा कि तिरुमला की पहाड़ियों पर स्थित भगवान वेंकटेश्वर मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं ने 'लड्डू प्रसादम' की गुणवत्ता पर संतोष जताया है। तिरुमला की पहाड़ियों पर तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) द्वारा स्थापित वकुलामठ केंद्रीकृत रसोईघर का उद्घाटन करने के बाद नायडू ने मीडिया कर्मियों से कहा कि लड्डू प्रसादम बनाने के लिए प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता की जांच के लिए प्रयोगशालाएं स्थापित करने के अलावा, अगर जरूरत पड़ी तो टीटीडी तिरुमला में पूरी प्रक्रिया पर सुझाव लेने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) तिरुपति से भी परामर्श ले सकता है। मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब हाल ही में उन्होंने और टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी ने पिछली युवजन श्रमिक रायथू (वाईएसआर) कांग्रेस सरकार के दौरान लड्डू प्रसादम बनाने में मिलावटी घी का इस्तेमाल किए जाने का आरोप लगाया था। हालांकि, पूर्व मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी ने इस आरोप को खारिज कर दिया था।

उन्होंने कहा, कई लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वे प्रसाद के लड्डू की गुणवत्ता से संतुष्ट हैं। हमने पिछली सरकार के दौरान कई घटनाएं देखी हैं, जब लोगों ने तिरुमला की पहाड़ियों में लड्डू की गुणवत्ता पर असंतोष व्यक्त किया था..। मंदिर प्रबंधन की ओर से जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि नायडू ने वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर के प्रबंधक टीटीडी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और उनसे यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि प्रसाद बनाने में केवल सर्वोत्तम गुणवत्ता वाली सामग्री का ही उपयोग किया जाए।

# शिरडी साईं बाबा के दरबार में पहुंची श्रद्धा कपूर

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर शिरडी पहुंचीं, जहां उन्होंने साईं बाबा के दर्शन किए। श्रद्धा कपूर, राजकुमार राव और पकंज त्रिपाठी हॉरर कॉमेडी स्त्री 2 सिनेमाघरों में 50 दिन का सफर पूरा कर चुकी है। फिल्म की जबरदस्त सफलता के बाद श्रद्धा कपूर हाल ही में शिरडी साईं बाबा मंदिर पहुंचीं, जहां उन्होंने पूजा अर्चना की। शिरडी के प्रसिद्ध साईं बाबा मंदिर की यात्रा की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।इन तस्वीरों में श्रद्धा बाबा के आगे हाथ जोड़े खड़ी नजर आईं। दूसरी तरफ श्री साईबाबा संस्थान ट्रस्ट शिरडी के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर भी श्रद्धा की यात्रा की झलक शेयर की गई है, जिसमें श्रद्धा दिखाई दे रही हैं।ट्रस्ट की ओर से शेयर की गई तस्वीरों में से एक फोटो में श्रद्धा हाथ जोड़कर साईं बाबा से प्रार्थना करती नजर आ रही हैं। वहीं एक अन्य फोटो में श्रद्धा मंदिर के अंदर साईं बाबा की मूर्ति के सामने हाथ जोड़े



खड़ी नजर आ रही हैं। पूजा-अर्चना के बाद मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों ने श्रद्धा का अभिनंदन किया।



# फिल्म दो पत्ती में बाइक चलाने को लेकर चिंतित थी काजोल

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल अपनी आने वाली फिल्म दो पत्ती में बाइक चलाने को लेकर चिंतित थी। शशांक चतुर्वेदी द्वारा निर्देशित और कनिका ढिल्लन द्वारा लिखित मर्डर मिस्ट्री दो पत्ती में काजोल और कृति सैनन की अहम भूमिका है। फिल्म दो पत्ती,उत्तराखंड के काल्पनिक शहर देवीपुर पर आधारित है।काजोल इस फिल्म में एक पुलिसकर्मी की भूमिका में है जो एक हत्या के प्रयास के मामले में सच्चाई को उजागर करने के मिशन पर है। फिल्म दो पत्ती का निर्माण कनिका ढिल्लों और कृति सेनन ने किया है।कनिका ढिल्लो ने बताया कि फिल्म दो पत्ती की कहानी सुनते समय काजोल चिंतित हो गयी थी।फिल्म दो पत्ती में पुलिस अफसर के किरदार की वजह से काजोल को बाइक चलानी थी। काजोल को इस बात की चिंता थी कि शूटिंग के दौरान जब-जब उन्हें बाइक पर बैठना पड़ा तब-तब उनके पैर में चोट लग चुकी है। कनिका ने कहा, काजोल मैम ने कहानी सुनने के बाद मुझसे कहा कि कनिका, मैंने पूरी कहानी सुनी, बड़ा मजा आया, लेकिन मुझे बाइक चलानी नहीं आती। इस पर मैंने जवाब दिया कि हम मैनेज कर लेंगे। उन्होंने मुझे चेतावनी दी कि जिस फिल्म में मैं बाइक पर बैठी हूं, उसमें मैंने अपना पैर तोड़ लिया है। तो वो देख लेना! फिल्म दो पत्ती 25 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इस फिल्म में तन्वी आजमी और शहीर शेख भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।

मुलाकात



विपक्ष के नेता राहुल गांधी शनिवार को कोल्हापुर के भगवा चौक पर छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण करने के अवसर पर लोगों से बातचीत करते हुए।



# नई सीरीज 'रीता सान्याल' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

डिज़्नी+ हॉटस्टार की नई सीरीज़ 'रीता सान्याल' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। कीलाइट प्रोडक्शंस के बैनर तले राजेश्वर नायर और कृष्णन अय्यर द्वारा निर्मित और अभिरूप घोष द्वारा निर्देशित, डिज्नी+ हॉटस्टार की सीरीज रीता सान्याल प्रशंसित लेखक अमित खान द्वारा बनाए गए चरित्र पर आधारित है। रीता सान्याल का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह सीरीज डिज्नी+ हॉटस्टार मोबाइल ऐप पर मुफ़्त में देखने के लिए उपलब्ध होगी और नए एपिसोड सोमवार से शुक्रवार तक रिलीज़ होंगे! 'रीता सान्याल' 14 अक्टूबर, 2024 से केवल डिज़्नी+ हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। निर्देशक अभिरूप घोष ने कहा, रीता सान्याल के निर्देशक के रूप में, मैं कोर्ट रूम ड्रामा, को जीवंत करने के लिए रोमांचित हूं। रीता सान्याल एक मसाला शो है जिसमें वह सब कुछ है जो हम भारतीय दर्शकों को देखना पसंद है, कॉमेडी से लेकर बदला तक; एक्शन से लेकर रोमांच तक; रोमांस से लेकर ब्रोमांस तक। अदा शर्मा के नेतृत्व में हमारे प्रतिभाशाली कलाकारों ने सभी पात्रों में अपना दिल लगा दिया है। रीता के साथ, हम एक ऐसा किरदार पेश करना चाहते थे जिसमें वास्तविकता में अदा जैसी विचित्रता और बुद्धिमत्ता हो। अदा ने अपनी ऊर्जा रीता में डाली और कथा को एक रोमांचक दिशा में ले गई।

रीता सान्याल की भूमिका निभाने वाली अदा शर्मा ने कहा, रीता सान्याल का किरदार निभाना मेरे लिए एक पागलपन भरा अनुभव था। वह तेज, निडर और हमेशा एक कदम आगे रहने वाली हैं। गंभीर परिस्थितियों में भी रीता का सेंस ऑफ ह्यूमर कुछ ऐसा है जिससे मैं सबसे ज्यादा जुड़ती हूं। एक कलाकार के रूप में मैं ऐसे किरदार निभाने की कोशिश कर रही हूं, जिन्हें मैंने पहले नहीं निभाया है।मैंने कुछ प्रसिद्ध लोगों से प्रेरित कुछ आवाजों का भी इस्तेमाल किया है, इसलिए मुझे लगता है कि दर्शकों को हंसने को मिलेगा। इस शो की खास बात यह है कि ऐसी कोई फिल्म या शो नहीं है जिससे मैं इसकी तुलना कर सकूं। राहुल देव ने कहा, ठकराल का किरदार निभाना एक बेहतरीन अनुभव रहा है। ठकराल का किरदार निभाते हुए, मैं बोले गए शब्दों (संवादों) को समझने में सक्षम था जो वास्तविक जीवन के दायरे से परे थे। मैं हमारे निर्देशक अभिरूप का आभारी हूं। अंकुर राठी ने कहा, रीता सान्याल एक काल्पनिक दुनिया में अपरंपरागत पात्रों से बनी है। मेरा किरदार, जय, एक विचित्र लेकिन आकर्षक पुलिस इंस्पेक्टर है। वह रीता की जांच में मदद करता है और उनकी चुलबुली गतिशीलता हमें लगातार यह सोचने पर मजबूर करती है कि क्या वे ऐसा करेंगे या नहीं? मैं इस किरदार को जीवंत करने के लिए रोमांचित हूं और मैं दर्शकों को उसके साथ सामने आने वाले नाटक का अनुभव करने के लिए इंतजार नहीं कर सकता। माणिक पपनेजा ने कहा, डिज्नी+ हॉटस्टार का रीता सान्याल एक हटके शो है। अदा के साथ काम करना शानदार अनुभव रहा। उसकी ऊर्जा भरपूर है।हमारे ऑफ-स्क्रीन तालमेल ने सेट पर स्वाभाविक केमिस्ट्री बनाना आसान बना दिया। हमने खूब हंसी-मजाक की, जिससे हमारे किरदारों के बीच एक मजबूत बंधन बनाने में मदद मिली।




# 'स्त्री 2' ने सिनेमाघरों में 50 दिन पूरे किए

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड स्टार राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की जोड़ी वाली फिल्म स्त्री 2 ने सिनेमाघरों में हाफ सेंचुरी पूरी कर ली है। फिल्म 'स्त्री 2' वर्ष 2018 में रिलीज सुपरहिट फिल्म 'स्त्री' का सीक्वल है। फिल्म 'स्त्री 2' में श्रद्धा कपूर, राज कुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना, तमन्ना भाटिया, अभिषेक बनर्जी जैसे कलाकार हैं।

अमर कौशिक के निर्देशन में बनी फिल्म स्त्री 2, का निर्माण दिनेश विजान ने मैडॉक फिल्म्स और जियो स्टूडियोज की ज्योति देशपांडे के साथ मिलकर किया है। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रिलीज हुई फिल्म स्त्री 2 ने पहले दिन ही शानदार ओपनिंग की थी। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म स्त्री 2 ने पहले हफ्ते में 291.65 करोड़ रुपये की शानदार कमाई दर्ज की थी।

वहीं, दूसरे हफ्ते में फिल्म स्त्री 2 ने अपनी दमदार कमाई जारी रखते हुए 141.4 करोड़ रुपये की धुंआधार कमाई की। तीसरे सप्ताह स्त्री 2 ने 70.2 करोड़, चौथे सप्ताह 36.1 करोड़, पांचवे सप्ताह 24.65 करोड़, छठे सप्ताह 18.6 करोड़ की कमाई की।

'स्त्री 2' को रिलीज हुए 50 दिन हो गए हैं। स्त्री 2 अबतक भारतीय बाजार में करीब 592 करोड़ की कमाई कर चुकी है।

# महिलाओं को हिम्मत और ताकत से जोड़ा जाना चाहिए : शिल्पा शेट्टी

मुंबई/एजेन्सी

अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने कहा है कि महिलाओं को अक्सर त्याग से जोड़ा जाता है, जबकि उन्हें हिम्मत और ताकत से जोड़ा जाना चाहिए। शिल्पा सिंगिंग बेस्ड रियलिटी शो सा रे गा मा पा में गेस्ट के रूप में नजर आएंगी, जिसमें सचिन-जिगर, सचेत-परंपरा और गुरु रंधावा मेंटर्स हैं, और इस बार शो को विपुल रॉय और सलमान अली होस्ट कर रहे हैं। शिल्पा के साथ इस नवरात्रि स्पेशल ग्रैंड प्रीमियर एपिसोड में अभिनेता राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी भी शामिल होंगे। इसमें टॉप 12 कंटेस्टेंट्स अपनी पूरी मेहनत से मेहमानों को प्रभावित करने की कोशिश करेंगे। प्रतियोगी रिया भट्टाचार्य का अपनी मां के प्रति विशेष भाव देखकर शिल्पा भावुक हो गईं, जब रिया ने अपनी परफॉर्मेंस से पहले आशीर्वाद लेने के लिए अपनी मां की आरती की। शिल्पा ने कहा, अक्सर जब हम महिलाओं की बात करते हैं, तो उसे त्याग से जोड़ा जाता है, लेकिन मुझे लगता है कि एक नारी को हिम्मत और ताकत से जोड़ना चाहिए। आज आपने जो किया, रिया आपकी मां को आप पर गर्व है। सच कहूं, मुझे भी ऐसे किस्से सुनकर गर्व महसूस होता है।

शिल्पा ने यह भी बताया कि वह अपनी मां की पूजा करती हैं। उन्होंने कहा, आज मैं जो कुछ भी हूं, जहां भी पहुंची हूं, वो सब मेरी मां के समर्थन की वजह से है, और इसलिए मैं इस भावना को समझती हूं। एक मां आपकी जिंदगी का सबसे मजबूत स्तंभ होती है, जो बिना किसी शर्त के आपका साथ देती है। आज यहां यह खूबसूरत रिश्ता देखकर मैं बहुत खुश हूं। सा रे गा मा पा का प्रसारण जी टीवी पर होता है। शिल्पा ने हाल ही में नवरात्रि के मौके पर देवी दुर्गा के लिए अपने दरबार की एक झलक दी।

गुरुवार को शिल्पा ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अपने मुंबई स्थित घर की सजावट का एक वीडियो शेयर किया। उन्होंने देवी के लिए स्वादिष्ट प्रसाद भी तैयार किया। शिल्पा ने कैप्शन में लिखा, जय माता दी। ये नवरात्रि आपके और आपके प्रियजनों के लिए शक्ति, सकारात्मकता और अनंत आशीर्वाद लेकर आए। इसके साथ ही उन्होंने नवरात्रि, जय माता दी, शुभ नवरात्रि जैसे हैशटैग भी दिए।



RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

जो व्यक्ति प्राकृतिक जीवन जीता है, वह अपने आप में ऐश्वर्य पूर्ण जीवन जीता है। यह प्रकृति मानवीय मन को समृद्ध बनाने वाली है। उसी प्रकृति के रूप में कोई भाषा है तो वह प्राकृत भाषा है। प्रकृति सबको स्वीकार करती है। प्राकृतिक सौन्दर्य का आनंद ही कुछ और है, वह अनुभव होता है। वह दिल में प्रसन्नता भर देता है। प्राकृत भाषा में अलग ही चमक रही हुई है। हमारे आगम उसी प्राकृत भाषा में लिखे गए। प्राकृत भाषा बोलने, सुनने में बहुत मधुर है। परमात्मा के समय में वही बोली मातृभाषा के रूप में बोली जाती थी। हमारा कर्तव्य बनता है कि प्राकृत भाषा के प्रति प्रेम होना ही चाहिए।

# युवा से युवाचार्य बनना सहज नहीं है : महासती अणिमाश्री

## युवाचार्य महेंद्र ऋषि का 58वां जन्मदिवस मनाया गया



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। एएमकेएम जैन मेमोरियल सेंटर में श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन महासंघ तमिलनाडु के तत्वावधान में शनिवार को चातुर्मासार्थ विराजित श्रमण संघीय युवाचार्य महेंद्र ऋषिजी महाराज का 58वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर खरतरगच्छीय गणिवर्य मनीषप्रभ सागरजी, महासती डॉ. प्रतिभाश्रीजी, महासती राजमतिजी का सान्निध्य भी मिला। इस दौरान मुनिश्री हितेंद्र ऋषिजी ने अपनी भावना व्यक्त करते हुए कहा कि युवाचार्यश्री भले ही युवाचार्य बन गए हैं लेकिन वे जीवन में सरलता, सहजता लिए हुए है। जब मैं वैराग्य में आया तब युवाचार्य भगवंत ने कहा मुझे गुरुदेव नहीं पुकारना है, गुरुदेव तो आचार्य आनंद ऋषिजी ही होंगे। उन्होंने कहा महापुरुषों की विशेषता है कि वे कोई कार्य पीछे नहीं छोड़ते हैं। आज के दिन यह संकल्प लें कि साधु के बारे में कोई नकारात्मक सोच नहीं रखेंगे।

इस मौके पर महिला महासंघ की सदस्याओं और आनंद जैन विद्यालय तांबरम की छात्राओं ने भाव भरे गीत प्रस्तुत किए। महासंघ के संयोजक महावीरचंद रांका ने सबका स्वागत करते हुए युवाचार्यश्री की दीर्घायु की कामना की। महासंघ के चेयरमैन भीकमचंद लुंकड़, स्वागताध्यक्ष सज्जनराज तालेड़ा ने भी अपने भाव प्रकट किए। महासती अणिमाश्रीजी ने कहा कि युवा से युवाचार्य बनना सहज नहीं है। हम उन्हें तहे दिल से बहुत-बहुत बधाई देते हैं। उन्होंने जन्मोत्सव गीतिका की प्रस्तुति भी दी। स्थानकवासी जैन कांफ्रेंस दिल्ली के अध्यक्ष आनंदमल छल्लाणी ने श्रमण संघ की एकता व अखंडता का संकल्प लिया। कांफ्रेंस के पूर्वाध्यक्ष पारस मोदी व नेमीचंद चोपड़ा ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

मधुकर ग्रुप की ओर से महासती विनयश्रीजी ने शुभकामना देते हुए कहा कि आज का यह पावन प्रसंग खुशियों की सौगात लेकर आया है। महासती दिव्ययशाश्रीजी ने कहा कि युवाचार्यश्री के जीवन जीने का ढंग निराला है। हमें उनके हृदय से जुड़ना है। यही उनके प्रति सच्ची भेंट होगी। गणिवर्य मनीषप्रभ सागरजी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में सबसे ज्यादा महत्व गुरु को दिया गया है। हमारे जीवन की शुरुआत गुरु से ही होती है, जो दूसरों के कल्याण की भावना रखकर जीते हैं। जन्मदिन मात्र भाषण देकर नहीं मनाना है। गुरु के प्रति अहोभाव होना चाहिए और तर्क वितर्क का स्थान नहीं होना चाहिए। जिस संघ में समर्पण की भावना आ जाए, वह संघ आगे बढ़ जाता है।

महासती डॉ. प्रतिभाश्रीजी ने कहा कि भक्त के हृदय में गुरु का विशेष स्थान रहता है। उससे ज्यादा भाग्यशाली कोई नहीं है। जिनका जीवन जयवंत होता है, उनकी जन्म जयंती मनाई जाती है। महापुरुषों के गुणों का वर्णन करना सूर्य को दीपक दिखाना है। युवाचार्यश्री का जीवन आध्यात्मिकता से ओतप्रोत हो। हम उनके गुणों को आत्मसात करें। इस सुनहरे अवसर पर हम शुभ कामना करते हैं कि वे चिरायु, दीर्घायु हो। पुनः उनका आगमन यहां हो। उन्होंने महासंघ के अध्यक्ष सुरेश लुनावत को चातुर्मास की असीम सफलता व दक्षिण भारतीय अनमोल रत्न पद से अलंकृत होने पर बधाई दी।

युवाचार्यश्री ने इस मौके पर कहा कि जब हम संघ के प्रत्येक सदस्य को गले लगाते हैं तब ही संघ की चहुंमुखी प्रगति कर सकते हैं। संत चाहे छोटे हो या कोई पदाधिकारी हो, भाव से उनकी वैयावच्च करनी चाहिए। हमारे महापुरुषों ने बहुत त्याग कर श्रमण संघ को सींचा है। श्रमण संघ अकेला संघ है जो एक संत हो, बुजुर्ग संत हो या कोई भी सिंघाड़ा के संत हो, उनकी सेवा करता है। महासंघ के मंत्री धर्मीचंद सिंघवी ने कहा कि आज हमारा सौभाग्य है कि युवाचार्यश्री का 58वां जन्मदिवस मनाने का सुअवसर मिला है। उन्होंने बताया कि इस चातुर्मास की यात्रा दो वर्ष पूर्व शुरू हुई, जो आज शिखर पर पहुंची है। हम युवाचार्यश्री के मंगलमय जीवन की शुभ कामना करते हैं। उन्होंने चातुर्मास के दौरान पूर्व में हुए व आगे आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का ब्यौरा दिया।

उन्होंने कहा यह चातुर्मास सभी चातुर्मासों से आध्यात्मिक रूप से अलग है। उन्होंने देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर स्थानकवासी जैन कांफ्रेंस के कई पूर्वाध्यक्ष और पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान आगामी 11 अक्टूबर को महासती राजमतीजी के सान्निध्य में दीक्षित होने वाली मुमुक्षु दीपिका जैन का सम्मान हुआ। मुमुक्षु ने भी अपने विचार रखे। चातुर्मास के दौरान बीस या उससे अधिक व्रत धारण करने वाले 358 श्रावक-श्राविकाओं का सम्मान किया गया। इस दौरान मुनिश्री धवल ऋषिजी, वैरागी शिवम बाफना, कांफ्रेंस के चेयरमैन रमनलाल लुंकड़, नेमीचंद चोपड़ा, अविनाश चोरड़िया, पारस मोदी, आनंद छल्लानी, पोपट ओस्तवाल एसएस जैन संघ साहुकारपेट के प्रकाश खिवसरा, संजय पींचा, इंदौर के रमेश भंडारी ने भी अपने भाव प्रकट किए। अनामिका कुलदीप तलेसरा ने श्रमण संघीय आचार्य शिवमुनि का बधाई संदेश पढ़कर सुनाया। युवाचार्य भगवंत आदि ठाणा के 2025 का आगामी चातुर्मास पनवेल (मुंबई) घोषित हुआ। इस मौके पर तमिलनाडु अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य प्रवीण टाटिया सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।

सुरेश लूनावत ने सभी को धन्यवाद प्रेषित किया।

## पुरस्कार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत




हिंदुस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (एचआईटीएस) ने हाल ही में रोड टू ब्रिसबेन 2032: एलीवेटिंग नेशनल परफॉर्मेंस इन फ्यूचर ओलंपिक्स शीर्षक से एक सफल पैनल चर्चा की मेजबानी की, जिसमें भविष्य के ओलंपिक खेलों में भारत के प्रदर्शन को बढ़ाने की रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यक्रम के दौरान, विश्वविद्यालय ने युवा प्रतिभाओं को प्रेरित करने और वैश्विक मंच पर भारतीय खेलों को ऊपर उठाने में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए पद्म श्री पीआर श्रीजेश को 5,00,000 का पुरस्कार दिया। इस कार्यक्रम में संस्थान के सम्मानित नेतृत्व की उपस्थिति रही, जिसमें संस्थान के प्रो चांसलर डॉ. अशोक वर्गीस ने समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर क्खढ्ड के कुलपति कर्नल (माननीय) डॉ. एसएन श्रीधर, खेल के डीन और अन्य प्रमुख अधिकारी भी मौजूद थे।






# जयगोपाल गरोडिया विवेकानंद विद्यालय का 51 वां वार्षिक दिवस समारोह मनाया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां अन्नानगर के जयगोपाल गरोडिया विवेकानंद विद्यालय का 51 वां वार्षिक दिवस समारोह 5 अक्टूबर को स्कूल परिसर में आयोजित किया गया। मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ की न्यायाधीश न्यायमूर्ति एस.श्रीमति बी.एल. मुख्य अतिथि थीं तथा मदुरै के चार्टर्ड अकाउंटेंट आर.सुंदरम, राष्ट्रीय संयोजक, स्वदेशी जागरण मंच इस शाम के मुख्य अतिथि थे।

जेजीवीवी ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी अशोक केडिया ने सभी का स्वागत किया। ट्रस्टी मेयप्पन ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि का परिचय कराया तथा प्रिंसिपल एम उमा ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। मैनेजिंग ट्रस्टी अशोक केडिया, ट्रस्टी हितेश कनोडिया, सलाहकार आर. सेथुरमन और अकादमिक निदेशक जी. विजयकुमार ने इस अवसर पर उपस्थित होकर छात्रों को पुरस्कृत किया।

बारहवीं कक्षा के 11 शत प्रतिशत धारकों, ग्यारहवीं कक्षा के 11 शत प्रतिशत धारकों और दसवीं कक्षा के 16 शत प्रतिशत धारकों तथा दसवीं, ग्यारहवीं, बारहवीं कक्षा के स्कूल टॉपरों को पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कुल 51 विद्यार्थियों ने पुरस्कार प्राप्त किए। 14 योग्य विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। न्यायमूर्ति श्रीमती एस. श्रीमति ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को उनके सराहनीय प्रदर्शन और उपलब्धियों के लिए बधाई दी। उन्होंने कर्मचारियों और विद्यार्थियों को अपनी उत्कृष्ट सेवाएं जारी रखने के लिए प्रेरित किया और ट्रस्ट द्वारा की गई सेवा गतिविधियों की सराहना की।

मुख्य अतिथि सुंदरम ने विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया। वरिष्ठ शिक्षकों और कर्मचारियों को संस्थान में 25 वर्ष और 15 वर्ष की उनकी सराहनीय सेवा के लिए प्रबंध ट्रस्टी अशोक केडिया द्वारा सम्मानित किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण नृत्य नाट्य शास्त्र से हुई, जिसके बाद एलकेजी से लेकर बारहवीं कक्षा तक के लगभग 268 विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।




# डीजी वैष्णव कालेज ने मनाया विश्व शिक्षक दिवस

## हीरक जयंती का लोगो लांच

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। शनिवार को को द्वारका दास गोवर्धन दास वैष्णव कॉलेज ने अपने सभी 450 शिक्षकों और मेहमानों के साथ धूमधाम से विश्व शिक्षक दिवस मनाया। जिसके मुख्य अतिथि अन्ना यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति डॉ आर वेलराज ने कहा की आज शिक्षकों की जिम्मेदारी कुछ अधिक हो गई है। राष्ट्र के विकास मे आज सबसे बड़ा योगदान शिक्षकों का है। नयी पीढ़ी को युगानुरुप बनाने की कुशलता केवल शिक्षक समाज में ही है। अध्यापन का तकनीक जरूर बदला है पर उसका सही रूप निर्धारण शिक्षक ही कर सकता है।

वैष्णव कालेज इस वर्ष अपना 60वां वर्ष पूरा कर रहा है इस मौके पर एक विशेष लोगो का लोकार्पण पूर्व सचिव पी.हरिदास ने किया। हरिदास ने इस अवसर पर अपने अनुभव भी बताए। वल्लभाचार्य विद्या सभा के सचिव मनोज कुमार सोंथालिया ने वैष्णव सोशल रिस्पान्सिबिलिटी इकाई का उदघाटन किया और अपने वक्तव्य मे कहा कि समाज की जो सेवा इस इकाई द्वारा की जा रही है वह प्रशंसा के लायक है।

प्रबंधन समिति ने शोध योजना के लिए दिये गए सहायता राशि की उद्धोषणा की जिसमे करीब 5 लाख की योगदान राशि का विवरण प्रस्तुत किया गया और इस अवसर पर सभी योजना लाभार्थियों को चेक प्रदान किया गया। अनेक प्राध्यापक इस योजना से लाभान्वित हुए। प्रोफेसर जयदीप विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र ने उन क्षेत्रो का विवरण प्रस्तुत किया जीनमे वी एस आर इकई के तहत सेवाएँ प्रदान की गयी थी।विभाग द्वारा कुल 6 लाख की सहायता उपलब्ध कराई गई।

इन क्षेत्रों के प्रतिनिधियों को मंच पर सम्मानित किया गया और उनको सहायता राशि प्रदान की गयी।

प्राचार्य डॉ एस संतोष बाबू ने सभा का स्वागत किया और सभी को शिक्षक दिवस की बधाई दी। सचिव डॉ अशोक कुमार मूँधड़ा ने कालेज के प्रगति पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत कर सभी के योगदान की सराहना की और बधाई दी। डॉ मूँधड़ा कहा की इस कालेज को हम एक छात्र के रूप मे भी अनुभव किए है। कोषाध्यक्ष श्री अशोक केडिया ने सभी शिक्षको को बधाई दी। इस शुभ अवसर पर श्री वल्लभ कल्चरल एकडेमी डीजीवीसी इकाई के सदस्यों द्वारा सुंदर व मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति की गई जिसकी सभी ने सराहना की जो प्राध्यापिका डॉ मंदिरा दत्ता के निर्देशन मे तैयार की गयी थी। धन्यवाद ज्ञापन डॉ बालकुमारन विभागाध्यक्ष बायो टेकनालोजी द्वारा प्रस्तुत किया गया।



# रक्तदान शिविर में संग्रहित हुआ 16 यूनिट रक्त

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के निर्देशनुसार तेरापंथ युवक परिषद राजाजीनगर के तत्वावधान में राउंड ईयर ह्यूमैनिटी थीम पर रक्तदान 2024 के अंतर्गत डाबसपेट स्थित ग्रीन शेफ होम अप्लायंस में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमें तुमकुर के बेल्ली ब्लड बैंक के सहयोग से 16 यूनिट रक्त का संग्रह हुआ। तेयुप राजाजीनगर अध्यक्ष कमलेशचौरड़िया, राजेश देरासरिया, जयंतीलाल गांधी,चेतन मांडोत ने सेवा में सहयोग किया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## आमंत्रण

बेंगलूरु के ओमकार मित्र मंडल द्वारा 12 अक्टूबर को उत्तरहली रोड स्थित ओंकार आश्रम महासंस्थान में एक शाम गौ माता के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए मारुति मेडिकल के प्रमुख महेन्द्र मुणोत को आमंत्रण पत्र दिया गया। मंडल के पदाधिकारीयों ने मुणोत को उनके प्रतिष्ठान पर जाकर आमंत्रित किया।

# संयमी साधक मृत्यु से कभी नहीं घबराता : साध्वी धर्म प्रभा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के हनुमंतनगर स्थित मरुधर केसरी दरबार में धर्मसभा में उपस्थित श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि साध्वी श्री धर्मप्रभाजी म.सा. ने कहा कि इस संसार में मनुष्य एक सर्वश्रेष्ठ प्राणी हैं। जिस प्रकार नरों में चक्रवर्ती, देवताओं में इन्द्र प्रतों में शांन्ति का व्रत, पर्वतों में सुमेरु पर्वत, पशुओं में सिंह श्रेष्ठ होता है। उसी प्रकार सभी भवों में नर. का भव प्रधान व श्रेष्ठ होता है। मनुष्य का परम सौभाग्य है कि वह परमात्मा पद को प्राप्त करने की साधना भी कर सकता है। देवलोक के देवता भी इस भव को प्राप्त करने की सदैव कामना करते हैं। मनुष्य का जन्म एक मंदिर की सीढ़ी की भांति होता है। सीढ़ी से ऊपर-नीचे जाने की तरह मनुष्य राम भी बन सकता हैं और रावण भी बन सकता है। इसलिये मानव जीवन की महत्ता को समझते हुए इंसान की धर्मसाधना करते हुए अनमोल मानव जीवन को सार्थक बनाना चाहिए।

प्रारंभ में साध्वी श्री स्नेहप्रभाजी म.सा. ने उत्तराध्ययन सूत्र पर विवेचना प्रस्तुत करते हुए कहा कि जागरूक साचक मृत्यु को जीत लेता है। वह न रोग-शोक से डरता है, न मृत्यु से वह भयभीत होता है, क्योंकि शरीर और आत्मा के भेदविज्ञान को जानकर - समझकर वह आत्मा की शाश्वत सत्यता, अमरता का अनुभव प्राप्त कर चुका होता है। जो अविनाशी-अजर-अमर, विशुद्ध चैतन्य निरंजन निराकारी आत्मा का अन्तर रूप से पूर्ण साक्षात्कार कर लेता है वह संयमी साधक आत्मा को कभी भी अपनी मृत्यु से डर नहीं लगेगा। यह आत्मा अनन्तबार अकाम-मरण की चक्की में पीसा जा चुका है। अब भेद विज्ञान को समझकर गुरु शरण सान्निध्य प्राप्त कर अकाममरण के चक्रव्यूह को मेहकर सकाममरण समाधिपूर्वक प्रसन्नता के साथ अपनी देह का त्याग कर अमरत्व-सिद्धि की दिशा में आगे बढ़ जाता है। रविवार को उपाध्याय पुष्कर मुनिजी एवं युवाचार्य महेंद्रऋषिजी की जयंती सामायिक व एकासन दिवस के रूप में मनाई जाएगी। धर्म सभा का संचालन संघ मंत्री सुरेश कुमार धोका ने किया।



# दक्षिणांचल टीपीएफ की नई कार्यकारिणी समिति का हुआ गठन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम दक्षिणांचल के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी समिति का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। निवर्तमान अध्यक्ष मोहीत बैद से सभी का स्वागत करते हुए अध्यक्षीय कार्यकाल की रिपोर्ट पेश की। गत वर्ष में टीपीएफ शाखाओ में उत्तम कार्य करने वाले शाखाओं और सदस्यों को सम्मानित किया गया। दक्षिणांचल टीपीएफ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विक्रम कोठारी ने दक्षिणांचल के उपाध्यक्ष राजेन्द्र कोठारी, अनिल नाहर, मंत्री भरत भंसाली, कोषाध्यक्ष विवेक बोथरा, सहमंत्री प्रेक्षा नाहटा, कल्पेश बाफना, परामर्शक कमलेश नाहर, नवीन सुराणा, कार्यकारिणी सदस्य पंकज संचेती, सुशील बाफना, संजय चोरडिया, निहार गोलेछा को शपथ दिलाई गई। टी पी एफ राष्ट्रीय अध्यक्ष हिम्मत मांडोत ने नई टीम को शुभकामनाएं दी। दक्षिणांचल अध्यक्षविक्रम कोठारी ने टीपीएफ के सभी आयामों को सब के सहयोग से पूरी निष्ठा से कार्यान्वित करते हुए दक्षिण भारत के प्रत्येक श्रावक तक टीपीएफ की उपयोगिता पहुंचाने का लक्ष्य रखा। राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य दिनेश धोखा, हितेष गिरिया, दक्षिणांचल मंत्री भरत भंसाली ने अपने विचार व्यक्त किए। आभार प्राची सुराणा ने प्रकट किया। संचालन ऋषभ लुनिया ने किया।



# अणुव्रत समिति ने सेन्ट्रल संघ में मनाया नशा मुक्ति दिवस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी के निर्देशन में स्थानीय अणुव्रत समिति द्वारा अणुव्रत उद्बोधन सप्ताह के पंचम दिवस नशामुक्ति दिवस के रूप में साध्वीश्री चैतन्यश्रीजी के सान्निध्य में महावीर धर्मशाला में मनाया गया। अणुव्रत समिति अध्यक्ष देवराज रायसोनी के नेतृत्व में टीम द्वारा मंगलाचरण गीतिका की प्रस्तुति दी। मदनराज रायसोनी ने अणुव्रत एवं अणुव्रत नियमों की संक्षिप्त जानकारी दी। मुख्य वक्ता कन्हैयालाल चिप्पड़ ने मोबाइल नशे के अनेको तरह के दुष्परिणाम पर अपने विचार रखें। साध्वीश्री चैतन्यश्रीजी ने प्रेरणा पाथेय देते हुए कहा कि जो दोस्त नशा प्रयास करने को कहता है, वह दोस्त नहीं दुश्मन होता हैं। नशा प्रयास करने की ट्राई अर्थात कोशिश करता हैं उसकी पूरी जिंदगी क्राई अर्थात रोना बन जाती हैं। कहानी के माध्यम से नशा मुक्त रहने की प्रेरणा दी। आचार्यश्री महाश्रमणजी के सरल स्वभाव, हंसमुख चेहरा, तेरापंथ धर्म संघ की तेज प्रभावना कि प्रशंसा की।

वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रवक संघ, सेंट्रल संघ के मंत्री महेंद्र मुणोत ने कार्यक्रम का संचालन किया एवं समिति निवर्तमान अध्यक्ष शांतिलाल पोरवाल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष शांति सकलेचा, मंत्री हरकचंद ओस्तवाल, सहमंत्री प्रवीण बोहरा, संगठन मंत्री निर्मल पोकरण, समिति से वीणा पोरवाल, सुमित्रा बरडिया, मीना रायसोनी, कविता जैन सहित स्थानकवासी संघ के पदाधिकारीगण एवं श्रावक श्राविकाओं की उपस्थिति रही। सेन्ट्रल संघ के अध्यक्ष अशोक रांका, मंत्री एवं मुख्य अतिथि का समिति द्वारा सम्मान किया गया।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.